उत्तर प्रदेश शासन

श्रम अनुभाग-3

संख्याः- ...426...../36-03-2026-1901341

लखनऊ; दिनाँक: ...10, मार्च..... 2026

अधिसूचना

चूंकि मजदूरी संहिता, 2019 (अधिनियम संख्या 29 सन् 2019) के पश्चातवर्ती अधिनियमिति के क्रम में, प्रारूप उत्तर प्रदेश मजदूरी संहिता नियमावली, 2021, जो अधिसूचना संख्या 1505/XXXVI-3-2020-103 (सा)-2020 दिनांक 25 फरवरी, 2021 द्वारा पूर्वोक्त संहिता की धारा 67 की अपेक्षानुसार आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित करते हुए प्रकाशित की गयी थी;

और चूंकि, पूर्वोक्त नियमावली के संबंध में प्राप्त आपत्तियों और सुझावों पर विचार करने के पश्चात, अंतिम उत्तर प्रदेश मजदूरी संहिता नियमावली, 2021 अधिसूचना संख्या 1738/XXXVI-3-2021-103(सा)-2020, दिनांक 16 सितंबर, 2021 के माध्यम से सरकारी गजट में प्रकाशित की गयी थी, किंतु उक्त नियमावली को लागू नहीं किया गया था, क्योंकि मजदूरी संहिता, 2019 उस समय प्रवर्तन में नहीं थी;

और चूंकि, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग-II, खंड 3, उप-खंड (ii) में प्रकाशित अधिसूचना संख्या का.आ. 5322(अ), दिनांक 21 नवंबर, 2025 के माध्यम से, उक्त संहिता के समस्त उपबंधों को प्रवृत्त कर दिया गया है;

अतः, इससे सम्भावित रूप से प्रभावित होने वाले सभी व्यक्तियों से आपत्तियां और सुझाव प्राप्त करने के लिए प्रारूप नियमावली, 2026 को पूर्व-प्रकाशित करने का विनिश्चय किया गया है;

और चूंकि, पूर्वोक्त संहिता के प्रारंभ होने के पश्चात, केंद्रीय सरकार ने भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग-II, खंड-3, उप-खंड (i) में प्रकाशित अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 936(अ), दिनांक 30 दिसंबर, 2025 के माध्यम से मजदूरी संहिता नियमावली, 2025 का एक नया प्रारूप प्रकाशित किया है;

और चूंकि, मजदूरी संहिता, 2019 के क्रियाशील होने और भारत सरकार द्वारा मजदूरी संहिता (केंद्रीय) नियमावली, 2025 का प्रारूप प्रकाशित किए जाने के उपरांत, राज्य सरकार के लिए यह आवश्यक हो गया है कि वह पूर्वोक्त संहिता और केंद्रीय नियमावली, 2025 के कार्यात्मक ढांचे के साथ निरंतरता (एकरूपता) सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य में तत्सम्बंधी नियमावली को नए सिरे से तैयार करे, प्रकाशित करे, अंतिम रूप प्रदान करे और अधिसूचित करे;

अतएव, अब, साधारण खण्ड अधिनियम, 1897 (अधिनियम संख्या 10 सन् 1897) की धारा 24 के साथ पठित मजदूरी संहिता नियमावली, 2019 की धारा 67 की उपधारा (1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके और (क) उत्तर प्रदेश मजदूरी भुगतान

नियमावली, 1936; (ख) उत्तर प्रदेश न्यूनतम मजदूरी नियमावली, 1952; (ग) उत्तर प्रदेश मजदूरी संहिता नियमावली, 2021 का उन बातों के सिवाय अधिक्रमण करके जो ऐसे अधिक्रमण के पूर्व की गयी है या किये जाने हेतु लोपित हों, राज्यपाल, जिस नियमावली को बनाने का प्रस्ताव करते हैं, उसका निम्नलिखित प्रारूप, मजदूरी संहिता नियमावली, 2019 की धारा 67 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार उससे सम्भावित रूप से प्रभावित होने वाले समस्त व्यक्तियों की सूचना के लिये और उसके सम्बन्ध में आपत्तियां सुझाव आमंत्रित किये जाने की दृष्टिगत से एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है;

पूर्वोक्त प्रारूप नियमावली के संबंध में समस्त आपत्तियां और सुझाव दो प्रतियों में प्रमुख सचिव, श्रम अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन, बापू भवन, लखनऊ-226001 और श्रम आयुक्त, (श्रम सुधार प्रकोष्ठ) कार्यालय, जी.टी. रोड, कानपुर को संबोधित करते हुए प्रेषित किये जाएंगे;

केवल उन्हीं आपत्तियों और सुझावों पर विचार किया जाएगा जो इस अधिसूचना के प्रकाशन के दिनांक से पैंतालीस दिनों के भीतर प्राप्त होंगे।

प्रारूप नियमावली
उत्तर प्रदेश मजदूरी संहिता नियमावली, 2026

अध्याय-एक
प्रारम्भिक

संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारम्भ	1	(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश मजदूरी संहिता नियमावली, 2026 कही जायेगी, (2) इसका विस्तार सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में होगा, (3) यह सरकारी गजट में अंतिम रूप से प्रकाशित किये जाने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।
परिभाषायें	2	(1) जब तक विषय या संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इस नियमावली में,- (क) "प्राधिकारी" का तात्पर्य धारा 19 की उपधारा (1) तथा धारा 45 की उपधारा (1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त प्राधिकारी से है; (ख) "अपीलीय प्राधिकारी" का तात्पर्य धारा 49 की उपधारा (1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अपीलीय प्राधिकारी से है; (ग) "अपील" का तात्पर्य धारा 49 की उपधारा (1) के अधीन की गई किसी अपील से है; (घ) "बोर्ड" का तात्पर्य राज्य सरकार द्वारा धारा 42 की उपधारा (4) के अधीन गठित राज्य सलाहकार बोर्ड से है; (ङ) "अध्यक्ष" का तात्पर्य बोर्ड के अध्यक्ष से है;

(च) "संहिता" का तात्पर्य मजदूरी संहिता, 2019 (अधिनियम संख्या 29 सन् 2019), से है;

(छ) "समिति" का तात्पर्य धारा 8 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किसी समिति से है;

(ज) "दिन" का तात्पर्य मध्य रात्रि से प्रारम्भ होने वाली 24 घंटे की अवधि से है;

(झ) "परिवार" से तात्पर्य किसी कर्मचारी के निम्नलिखित सभी या किन्हीं संबंधियों से है;

(एक) पति/पत्नी;

(दो) कर्मचारी पर आश्रित कोई अल्पवयस्क धर्मज या दत्तक संतान;

(तीन) ऐसी संतान जो पूर्णतः कर्मचारी की आय पर आश्रित है, और जोः

(क) इक्कीस वर्ष की आयु प्राप्त करने तक शिक्षा प्राप्त कर रही है; और

(ख) अविवाहित पुत्री है;

(चार) ऐसी संतान जो किसी शारीरिक या मानसिक असामान्यता या क्षति के कारण अशक्त है और पूर्णतः कर्मचारी की आय पर आश्रित है, जब तक ऐसी अशक्तता बनी रहती है;

(पांच) आश्रित माता-पिता (जिसमें पति/पत्नी के सास और ससुर सम्मिलित हैं), जिनकी सभी स्रोतों से आय उस आय से अधिक नहीं है, जो राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट की जाए।

(ञ) "प्रपत्र" का तात्पर्य इस नियमावली में संलग्न प्रपत्र से हैं;

(ट) "भौगोलिक क्षेत्र" का तात्पर्य ऐसे क्षेत्र से है जिसे राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किया जाये;

(ठ) "अत्यधिक कुशल व्यवसाय" का तात्पर्य ऐसे व्यवसाय से है, जिसमें इसके निष्पादन में विनिर्दिष्ट स्तर की उत्कृष्टता की मांग होती है और एक पर्याप्त अवधि में गहन तकनीकी अथवा व्यावसायिक प्रशिक्षण अथवा व्यवहारिक व्यावसायिक अनुभव के माध्यम से अर्जित क्षमता अपेक्षित होती है और साथ ही कर्मचारी से यह अपेक्षा होती है कि वह ऐसे व्यवसाय के निष्पादन में सम्मिलित अपने निर्णय या विनिश्चय के लिए सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वीकार करे;

(ड) "निरीक्षक-सह-सुविधा प्रदाता" का तात्पर्य धारा 51 की उपधारा (1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना के माध्यम से नियुक्त व्यक्ति से है;

(ढ) "सदस्य" का तात्पर्य बोर्ड के किसी सदस्य से है, जिसमें इसका अध्यक्ष भी सम्मिलित है;

		(ण) "अधिकारी" का तात्पर्य राज्य सरकार द्वारा धारा 53 की उपधारा (1) के अधीन नियुक्त किसी अधिकारी से है; (त) "जनसंख्या" का तात्पर्य ऐसी जनसंख्या से है, जो पूर्व जनगणना में निर्धारित की गई है और जिसके संगत आकड़े प्रकाशित किये गये हैं; (थ) "पंजीकृत व्यवसाय संघ" का तात्पर्य ऐसे व्यवसाय संघ से है, जो औद्योगिक सम्बन्ध संहिता, 2020 (अधिनियम संख्या 35 सन् 2020) के अधीन पंजीकृत है; (द) "अनुसूची" का तात्पर्य इस नियमावली से संलग्न अनुसूची से है; (ध) "धारा" का तात्पर्य, इस संहिता की धारा से है; (न) "अर्द्धकुशल व्यवसाय" का तात्पर्य ऐसे व्यवसाय से है, जिसके निष्पादन में काम पर अनुभव द्वारा प्राप्त कौशल का उपयोग अपेक्षित होता है और कुशल कर्मचारी के पर्यवेक्षण अथवा मार्गदर्शन में इसका उपयोग किये जाने लायक होता है और इसमें अकुशल व्यवसाय का पर्यवेक्षण भी सम्मिलित है; (प) "कुशल व्यवसाय" का तात्पर्य ऐसे व्यवसाय से है, जिसमें इसके निष्पादन में काम पर अनुभव के द्वारा अथवा तकनीकी या व्यावसायिक संस्थान में प्रशिक्षु के रूप में प्रशिक्षण के माध्यम से कुशलता और सक्षमता अपेक्षित होती है और जिसके निष्पादन में पहल करने तथा निर्णय करने की आवश्यकता होती है; (फ़) "अकुशल व्यवसाय" का तात्पर्य ऐसे व्यवसाय से है, जिसमें इसके निष्पादन में केवल प्रचालन अनुभव के उपयोग की आवश्यकता होती है और इसमें कोई अतिरिक्त कौशल सम्मिलित नहीं होती है। (2) इस नियमावली में प्रयुक्त तथा अपरिभाषित किन्तु संहिता में परिभाषित अन्य समस्त शब्दों और पदों के वही अर्थ होंगे जो संहिता के अधीन उनके लिये क्रमशः समनुदेशित हों।

अध्याय-दो
न्यूनतम मजदूरी

धारा 6 की उपधारा (5) के अधीन मजदूरी की प्रति घण्टा तथा प्रति माह दर की गणना की रीति	3	(1) जब एक दिन के लिए मजदूरी की दर नियत की जाती है, तब एक घंटे की दर के लिए ऐसी मजदूरी को आठ से भाग और एक महीने की मजदूरी की दर नियत करने के लिए छब्बीस से गुणा किया जायेगा और ऐसे भाग और गुणा में आधे या आधे से अधिक भागफल और गुणनफल को अगले अंक में पूर्णांकित किया जायेगा और आधे से कम भागफल और गुणनफल को नजर-अंदाज किया जायेगा।

		(2) पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह की स्थिति में, इस प्रकार संगणित न्यूनतम मजदूरी की प्रति घंटा दर का उपयोग दिन की न्यूनतम मजदूरी निकालने के लिए किया जाएगा
धारा 6 की उपधारा (6) के खण्ड (ग) के अधीन मजदूरी की न्यूनतम दर को नियत किये जाने हेतु मापदण्ड	4	धारा 6 की उपधारा (6) के प्रयोजनार्थ निम्नलिखित मापदण्ड को ध्यान में रखते हुए, दैनिक आधार पर न्यूनतम मजदूरी दर नियत की जायेगी, अर्थात्:- (क) मानक श्रमिक वर्ग परिवार, जिसमें कमाने वाले कर्मकार के अलावा उसकी पत्नी या पति और दो बच्चे, सम्मिलित हैं, जो तीन वयस्क उपभोग इकाईयों के समान हैं; (ख) प्रतिदिन प्रति उपभोग इकाई हेतु निवल 2700 कैलोरी की खपत; (ग) प्रति मानक श्रमिक वर्ग परिवार के लिए प्रतिवर्ष 66 मीटर कपड़ा; (घ) आवासीय किराया व्यय, जो भोजन और वस्त्र व्यय का 10 प्रतिशत होगा; (ड़) ईंधन, बिजली और अन्य विविध मदों के व्यय, जो न्यूनतम मजदूरी की 20 प्रतिशत होगी; (च) बच्चों की शिक्षा का व्यय, चिकित्सा आवश्यकतायें, मनोरंजन एवं अन्य आकस्मिक मदों पर व्यय, जो न्यूनतम मजदूरी का 25 प्रतिशत होगा।
धारा 6 की उपधारा (6) के अन्तर्गत न्यूनतम वेतन की दरों के निर्धारण के मानक तथा दुष्कर कार्य पर विचार किया जाना	5	(1) धारा 6 के अधीन मजदूरी की न्यूनतम दरें निर्धारित करते समय राज्य सरकार निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखेगी (एक) भौगोलिक क्षेत्र (दो) रोजगार के क्षेत्र में अनुभव, और (तीन) अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल और अत्यधिक कुशल की श्रेणियों के अधीन कार्य करने के लिए अपेक्षित कौशल का स्तर परन्तु यह कि राज्य सरकार इस संहिता के अधीन राज्य सरकार के कर्मचारियों के न्यूनतम वेतन और भत्ते नियत नही करेगी। (2) राज्य सरकार, व्यवसायों के कौशल वर्गीकरण, कार्य की कठिनता, परिसंकटमय व्यवसायों या प्रक्रियाओं और भूमिगत कार्य तथा इसी तरह के अन्य वर्गीकरण के संबंध में राज्य सरकार को परामर्श देने के प्रयोजनार्थ एक तकनीकी समिति गठित करेगी, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात्- (क) श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश - अध्यक्ष; (ख) निदेशक, सेवायोजन - सदस्य (ग) मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन या उनका प्रतिनिधि - सदस्य; (घ) आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग, उत्तर प्रदेश या उनका प्रतिनिधि - सदस्य;

		(ड़) कारखाना निदेशक - सदस्य; (च) अपर/उप श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश (प्रवर्तन) - सदस्य; (छ) अपर/उप श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश (औद्योगिक संबंध) - सदस्य सचिव; (ज) राज्य सरकार द्वारा यथा नाम निर्दिष्ट मजदूरी निर्धारण के दो तकनीकी विशेषज्ञ- सदस्य; (झ) नियोक्ताओं और कर्मचारियों के दो-दो प्रतिनिधि जो कौशल विकास के क्षेत्र में विशेषज्ञ हों - सदस्य; (3) राज्य सरकार, उप-नियम (2) में निर्दिष्ट तकनीकी समिति की सलाह पर, अधिसूचना द्वारा, अनुसूची क में विनिर्दिष्ट व्यवसायों के संबंध में किसी प्रविष्टि को संशोधित, सम्मिलित या लोपित (हटाकर) करके, व्यवसायों के अकुशल, अर्द्ध-कुशल, कुशल और अति-कुशल श्रेणियों में वर्गीकरण के संबंध में अनुसूची-क में संशोधन कर सकती है। (4) उप-नियम (2) में निर्दिष्ट तकनीकी समिति, राज्य सरकार को सलाह देते समय, संभव सीमा तक, व्यवसायों के राष्ट्रीय वर्गीकरण या राष्ट्रीय कौशल अर्हता ढांचे या केन्द्रीय सरकार द्वारा व्यवसायों की पहचान करने के लिये तत्समय बनाए जा रहे अन्य सम्मान ढांचे को ध्यान में रखेगी।
धारा-7 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन परिवर्ती महंगाई भत्ते के पुनरीक्षण के लिये समय अन्तराल	6	न्यूनतम मजदूरी पर कर्मचारियों को संदेय परिवर्ती महंगाई भत्ते को पुनरीक्षित करने के लिये निर्वाह भत्ते की लागत और रियायती दर पर आवश्यक वस्तुओं के सम्बन्ध में रियायत के नकद मूल्य की संगणना, प्रत्येक वर्ष एक बार 01 अप्रैल के पूर्व और तत्पश्चात 01 अक्टूबर के पूर्व श्रम ब्यूरो, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा औद्योगिक कर्मकारों के लिये प्रकाशित औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर विचार करते हुए की जायेगी।
धारा 8 के प्रयोजनार्थ न्यूनतम वेतन के निर्धारण एवं पुनरीक्षण हेतु समितियों का गठन	7	(1) राज्य सरकार किसी वर्ग के अन्तर्गत प्रथम बार न्यूनतम मजदूरी का निर्धारण करने अथवा न्यूनतम मजदूरी का पुनरीक्षण करने अथवा कौशल वर्गीकरण के सम्बन्ध में जाँच करने तथा राज्य सरकार को सलाह देने के प्रयोजनार्थ एक अथवा एक से अधिक समितियाँ गठित करेगी, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात्:-

1	श्रमआयुक्त, उत्तर प्रदेश	अध्यक्ष
2	श्रमआयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा यथा नामनिर्दिष्ट अपर श्रमायुक्त	-सदस्य
3	सूक्ष्म, लघु, और मध्यम उद्यम विभाग उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधि	-सदस्य

		4	निदेशक, सेवायोजन, उत्तर प्रदेश सरकार -सदस्य
		5	श्रमआयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा यथा नामनिर्दिष्ट मजदूरी निर्धारण के क्षेत्र के दो तकनीकी विशेषज्ञ -सदस्य
		6	नियोक्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा यथा नामनिर्दिष्ट तीन प्रतिनिधि -सदस्य
		7	कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा यथा नामनिर्दिष्ट तीन प्रतिनिधि -सदस्य
		8	श्रम आयुक्त द्वारा नामनिर्दिष्ट एक उप/ सहायक श्रमायुक्त सदस्य-सचिव
			(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट समिति, राज्य सरकार को सलाह देते समय यथा सम्भव सीमा तक राज्य व्यवसाय वर्गीकरण अथवा राज्य कौशल अर्हता ढाँचे अथवा व्यवसायों की पहचान करने के लिए तत्समय बनाये गये अन्य समान ढाँचे को ध्यान में रखेगी। (3) उप नियम (1) के अधीन गठित समिति की सलाह पर राज्य सरकार इस नियमावली की अनुसूची-"क" में विनिर्दिष्ट ऐसे प्रचालन के वर्गीकरण में किसी प्रविष्टि में संशोधन, अपमार्जन और परिवर्धन करते हुये कर्मचारियों के व्यवसायों को चार श्रेणियों- अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल तथा अतिकुशल में वर्गीकृत कर सकेगी।
धारा-10 के खण्ड (दो) के परन्तुक के अधीन परिस्थितियाँ		8	धारा 10 के अधीन, कोई कर्मचारी एक पूर्ण सामान्य कार्य दिवस के लिए मजदूरी प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा, यदि वह तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन ऐसी मजदूरी प्राप्त करने का हकदार नहीं है।
धारा 13 की उपधारा (1) के प्रयोजनार्थ एक सामान्य कार्य दिवस के निर्धारण के लिए कार्य के घंटों की संख्या		9	(1) कार्य के घण्टों की संख्या, जो एक या अधिक विनिर्दिष्ट अन्तरालों सहित एक सामान्य कार्य दिवस का गठन करेगी, समय-समय पर जारी किये गये सामान्य या विशेष अनुदेश के अनुसार होगी। (2) किसी कर्मचारी के कार्य की अवधि इस प्रकार व्यवस्थितकी जाएगी कि विश्राम के अंतराल सहित समय-समय परजारी किए गए सामान्य या विशेष आदेश के अनुसार घंटों की संख्या से अधिक नहीं होगा।
धारा 13 की उपधारा (1) के प्रयोजनार्थ साप्ताहिक विश्राम दिवस का निर्धारण एवं विश्राम दिवस पर लिये गये कार्य के सापेक्ष		10	(1) इस नियम के उपबंधों के अधीन, किसी कर्मचारी को प्रत्येक सप्ताह एक दिन या एक से अधिक के दिन का, जैसी भी स्थिति हो, विश्राम की अनुमति दी जायेगी (जिसे आगे "विश्राम दिवस" कहा गया है), जो छह दिवसीय सप्ताह की स्थिति में सामान्यतः रविवार होगा और छह दिन से कम के कार्य सप्ताह की स्थिति में शनिवार और रविवार सम्मिलित होंगे, किंतु नियोक्ता किसी भी कर्मचारी या कर्मचारियों के वर्ग के लिए सप्ताह के

किया जाने वाला भुगतान	किसी भी अन्य दिन को विश्राम दिवस के रूप में नियत कर सकता है; परन्तु यह कि, छह दिवसीय कार्य सप्ताह या छह दिन से कम के कार्य सप्ताह में, जैसी भी स्थिति हो, सप्ताह के शेष दिन ऐसे कर्मचारियों के लिए सवेतन विश्राम दिवस होंगे; परन्तु यह भी कि, इस उप-नियम के अधीन कोई कर्मचारी विश्राम दिवस का हकदार तब होगा जब उसने उसी नियोक्ता के अधीन छह दिवसीय सप्ताह की स्थिति में अन्यून छह दिन की निरंतर अवधि के लिए कार्य किया हो, और छह दिन से कम के कार्य सप्ताह की स्थिति में, जैसी भी स्थिति हो, कार्य दिवसों की निर्धारित संख्या की निरंतर अवधि के लिये कार्य किया हो; परन्तु यह भी कि, कर्मचारी को विश्राम के रूप में नियत दिनों की और विश्राम दिवस में किसी भी आगामी परिवर्तन की सूचना, परिवर्तन प्रभावी होने से पूर्व, नियोजन के स्थान पर किसी सहज दृश्य स्थान पर उस आशय का नोटिस प्रदर्शित करके सूचना दी जाएगी। स्पष्टीकरण- इस उप-नियम के दूसरे परंतुक में विनिर्दिष्ट अन्यून छह दिनों की निरंतर अवधि या सप्ताह में कार्य दिवसों की निर्धारित संख्या की गणना के प्रयोजन के लिए,- (क) कोई भी दिन जिस पर किसी कर्मचारी को काम के लिए उपस्थित होने की आवश्यकता होती है, लेकिन उसे केवल उपस्थिति के लिए भत्ता दिया जाता है और काम प्रदान नहीं किया जाता है, (ख) कोई भी दिन जिस पर किसी कर्मचारी को औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (अधिनियम संख्या 35 सन् 2020) के अधीन मुआवजे का भुगतान नहीं किया जाता है, और (ग) नियोक्ता द्वारा किसी कर्मचारी को छह दिनों की अवधि में या सप्ताह के कार्य दिवसों की निर्धारित संख्या के दौरान जैसा भी मामला हो विश्राम दिनों से ठीक पहले को वेतन के साथ या बिना वेतन के दी गई कोई भी छुट्टी या अवकाश, उन दिनों के रूप में माना जाएगा जिन पर कर्मचारी ने काम किया है, (2) ऐसे किसी भी कर्मचारी से विश्राम के दिन कार्य करने की अपेक्षा नही की जायेगी या उसे कार्य करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक कि उसने विश्राम दिवस से ठीक पहले या बाद वाले सप्ताह के कार्य दिवसों में से किसी एक दिन पूरे दिन का प्रतिस्थापित विश्राम दिन न लिया हो अथवा न ही लेगा। परंतु यह कि ऐसा कोई प्रतिस्थापन नहीं किया जाएगा जिस के परिणाम स्वरूप कर्मचारी को पूर्ण विश्राम दिवस के बिना लगातार दस दिनों से अधिक कार्य करना पड़े। (3) उपनियम (1) और (2) के अनुसार जहाँ, कोई कर्मचारी विश्राम के दिन कार्य करता है और उसे विश्राम के दिन से पहले या बाद के कार्य दिवसों में से किसी एक दिन प्रतिस्थापित विश्राम दिया जाता है, तो कार्य

के साप्ताहिक घंटो की गणना के प्रयोजनार्थ, उस विश्राम दिवस को उसी सप्ताह में सम्मिलित किया जाएगा जिसमें वह प्रतिस्थापित विश्राम का दिन आया है।

(4) किसी कर्मचारी को विश्राम दिवस के लिए अगले पूर्ववर्ती दिन के लिये लागू दर पर आगणित मजदूरी प्रदान की जाएगी;

और जहाँ वह विश्राम के दिन कार्य करता है और उसे प्रतिस्थापित विश्राम दिवस दिया गया है, तब उसे उस विश्राम दिवस के लिये अतिकाल दर से मजदूरी तथा प्रतिस्थापित विश्राम दिवस के लिये अगले पूर्ववर्ती दिन के लिये लागू दर से मजदूरी दी जायेगी;

परंतु यह कि छह दिवसीय कार्य सप्ताह के मामले में जहाँ-

(क) संहिता के अधीन यथा अधिसूचित कर्मचारी की मजदूरी की न्यूनतम दर, मजदूरी की न्यूनतम मासिक दर को छब्बीस से विभाजित करके निकाली गई है; या

(ख) कर्मचारी की वास्तविक दैनिक मजदूरी की दर, मजदूरी की मासिक दर को छब्बीस से विभाजित करके निकाली गई है और ऐसी वास्तविक दैनिक मजदूरी की दर कर्मचारी की अधिसूचित न्यूनतम दैनिक मजदूरी की दर से कम नहीं है, तो विश्राम के दिन के लिए कोई मजदूरी देय नहीं होगी; और

(ग) कर्मचारी विश्राम के दिन कार्य करता है और उसे प्रतिस्थापित विश्राम दिवस दिया गया है, तो उसे केवल उस विश्राम दिवस के लिए जिस पर उसने कार्य किया था, अतिकाल दर पर देय मजदूरी के बराबर राशि का भुगतान किया जाएगा,

और, यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है कि क्या इस परन्तुक के उपबंधों के अनुसार दैनिक मजदूरी की दर निकाली गई है, तो श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश या क्षेत्रीय अधिकारिता रखने वाले अपर/उप मुख्य श्रम आयुक्त, इस निमित्त उन्हें दिए गए आवेदन पर, संबंधित पक्षकारों को लिखित अभ्यावेदन देने का अवसर प्रदान करने के पश्चात, उस पर विनिश्चय कर सकता है:

परंतु यह और कि, मात्रानुपाती दर प्रणाली द्वारा शासित कर्मचारी के मामले में, उसे उस विश्राम दिवस के लिए जिस पर वह कार्य करता है, अतिकाल दर पर मजदूरी दी जाएगी और प्रतिस्थापित विश्राम दिवस के लिए अगले पूर्ववर्ती दिन लागू दर पर मजदूरी दी जाएगी।

स्पष्टीकरण-इस उप-नियम के प्रयोजनार्थ "अगले पूर्ववर्ती दिन" का तात्पर्य उस अंतिम दिन से है जिस दिन कर्मचारी ने कार्य किया है, जो विश्राम दिवस या प्रतिस्थापित विश्राम दिवस के पहले, जैसा भी मामला हो, आता है; और जहाँ प्रतिस्थापित विश्राम दिवस, विश्राम दिवस के तुरंत अगले दिन आता है तब अगला पूर्ववर्ती दिन का तात्पर्य वह अंतिम दिन होगा, जिस दिन कर्मचारी ने कार्य किया है, जो विश्राम दिवस के पहले था।

		नियमावली के उपबंधों के प्रवृत्त होने से अपेखाकृत अधिक अनुकूल शर्तों, यदि कोई हों, पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा जिसमें कोई कर्मचारी किसी अन्य विधि के अधीन अथवा किसी अधिनिर्णय, करार अथवा सेवा संविदा के निबंधनों के अधीन हकदारहो और ऐसी स्थिति में कर्मचारी केवल पूर्वोक्त अपेक्षाकृत अधिक अनुकूल निबंधनों का हकदार होगा। स्पष्टीकरण- इस नियम के प्रयोजनार्थ, "सप्ताह" का तात्पर्य शनिवार रात्रि की अर्द्धरात्रि से प्रारम्भ होने वाली सात दिनों की अवधि से है।
धारा-13 की उपधारा-(1) के अधीन रात्रि पाली का निर्धारण	11	जहाँ पर कर्मचारी, नियोजन में पाली में काम करता है जो अर्ध-रात्रि के पश्चात् भी चलती है तबः- (क) नियम 10 के प्रयोजनार्थ पूरे दिवस के लिए विश्राम दिवस का तात्पर्य इस मामले में, उसकी पाली समाप्त होने के समय से प्रारम्भ होकर लगातार चौबीस घण्टे की अवधि से है; और (ख) ऐसे मामले में अगला दिवस ऐसी पाली के समाप्त होने के समय से प्रारम्भ होकर चौबीस घण्टे की अवधि का होगा, और अर्द्धरात्रि के बाद के घण्टों को, जिसके दौरान ऐसे कर्मचारी ने काम किया है, पूर्व दिवस में गिना जाएगा।
धारा 13 की उप धारा (2) के अधीन सीमा एवं शर्तें	12	धारा 13 की उप-धारा (2) के प्रयोजनों के लिए सीमा और शर्तें निम्नलिखित कर्मचारियों के मामले में- (क) किसी ऐसी आपात स्थिति में कार्यरत हो जिसका पूर्वानुमान नहीं किया जा सकता था या उसे रोका नही जा सकता था; (ख) प्रारम्भिक या पूरक प्रकृति के कार्यों में लगा हुआ हो जिसे अनिवार्य रूप से संबंधित नियोजन में सामान्य कार्य के लिए निर्धारित सीमाओं के बाहर कराया जाना चाहिए; (ग) जिनका नियोजन अनिवार्य रूप से रुक-रुक कर होता है; (घ) किसी ऐसे कार्य में लगा हुआ हो जिसे तकनीकी कारणों से ड्यूटी समाप्त होने से पूर्व पूरा किया जाना हो; और (ङ) ऐसे कार्य में लगा हुआ हो, जिसे प्राकृतिक शक्तियों की अनियमित क्रिया पर निर्भर समय के अलावा नहीं किया जा सकता था, कार्य के घंटों की संख्या जो एक या एक से अधिक विनिर्दिष्ट अंतराल सहित एक सामान्य कार्यदिवस का गठन करेगी और कर्मचारी के कार्य घंटों का प्रसार नियम-9 के अधीन समय-समय पर जारी सामान्य या विशेष आदेश द्वारा विनिर्दिष्ट घंटों की संख्या से अधिक हो सकता है।
धारा-14 के अधीन लम्बी मजदूरी अवधि का निर्धारण	13	मजदूरी के प्रयोजनार्थ लम्बी मजदूरी की अवधि एक माह से अधिक नहीं होगी।

अध्याय-तीन
मजदूरी का भुगतान

धारा 18 की उप-धारा (4) के अधीन कटौतियों की वसूली की रीति	14	जहाँ धारा 18 की उप-धारा (2) के अधीन प्राधिकृत कुल कटौतियाँ किसी कर्मचारी की मजदूरी के 50 प्रतिशत से अधिक हों, वहाँ अधिक धनराशि को अग्रेनीत किया जाएगा और यथास्थिति उत्तरवर्ती मजदूरी अवधि या अवधियों, में ऐसी किस्तों में वसूल की जाएगी ताकि किसी भी माह में वसूली उस माह में कर्मचारी की मजदूरी की पचास प्रतिशत से अधिक न हो।
धारा 19 की उप-धारा(1) के अधीन प्राधिकारी	15	क्षेत्रीय अपर/उप श्रमायुक्त जिसके पास संबंधित कर्मचारी के कार्य स्थल का क्षेत्राधिकार हो, धारा 19 की उप-धारा(1) के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी होगा।
धारा 19 की उप-धारा (2) के अधीन नोटिस प्रदर्शित करने की रीति	16	धारा 19 की उप-धारा (2) में निर्दिष्ट नोटिस, उस कार्यस्थल के परिसर में जहाँ नियोजन संचालित होता है, भौतिक रूप से या इलेक्ट्रॉनिक रूप में हिंदी और अंग्रेजी में प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि प्रत्येक संबंधित कर्मचारी नोटिस की सामग्री को आसानी से पढ़ सके और नोटिस की एक प्रति रजिस्ट्रीकृत डाक या इलेक्ट्रॉनिक रूप से अड़तालीस घंटे के भीतर निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता और अधिकारिता रखने वाले क्षेत्रीय अपर/उप श्रम आयुक्त को भेजी जाएगी।
		(1) प्रत्येक नियोजक जिसके लिये किसी नियोजित व्यक्ति के कार्यों या लोपों के लिये जुर्माना लगाने हेतु अनुमोदन प्राप्त करना अभीष्ट हो, वह अधिकारिता रखने वाले क्षेत्रीय अपर/उप श्रमायुक्त को भेजेगा- (क) दो प्रतियों में, ऐसे कार्यों एवं लोपों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करती हुयी एक सूची; (ख) ऐसे मामलों में जहाँ नियोजक जुर्माना अधिरोपित करने हेतु एकमात्र व्यक्ति होने की इच्छा नहीं रखता है, अधिष्ठान में नियुक्त ऐसे व्यक्तियों की सूची जिनके ऊपर वह अधिष्ठान में जुर्माना अधिरोपित करने हेतु निर्भर रह सकता है और अधिष्ठान के वर्ग, जिनके ऊपर ऐसे प्रत्येक नियुक्त व्यक्ति पर निर्भर रह सकता है, की दो प्रतियों में सूची प्रदर्शित करते हुये प्रेषित करेगा। (2) उप नियम (1) में निर्दिष्ट प्राधिकारी, सूची प्राप्त होने के उपरान्त ऐसी जाँच जिसे किया जाना वह अभीष्ट समझे, आदेश पारित कर सकेगा- (क) सूची को अनुमोदित न किया जाना; (ख) सूची को या तो उसके मूल स्वरूप में या उसके द्वारा संशोधित रूप में अनुमोदन किया जाना, इस मामले में, ऐसी सूची को अनुमोदित सूची माना

		जायगा। परन्तु यह कि किसी सूची को अनुमोदित या संशोधित करने का कोई आदेश तब तक पारित नहीं किया जायेगा जब तक कि नियोजक को लिखित में कारण बताने का अवसर न दिया गया हो कि उसके द्वारा प्रस्तुत की गयी सूची को क्यों अनुमोदित किया जाना चाहिये;
धारा 19 की उप-धारा (3) के अधीन जुर्माना अधिरोपित करने की प्रकिया तथा उप-धारा (8) के अधीन अनुरक्षित किये जाने वाली पंजिका का प्रपत्र एवं जुर्माने की धनराशि को व्यय करने की रीति	17	(3) नियोजक ऐसी अनुमोदित सूची की एक प्रति को अधिष्ठान के प्रवेश द्वार तथा नोटिस बोर्ड पर अँग्रेजी तथा उसके हिन्दी अनुवाद सहित प्रदर्शित करेगा। (4) कोई भी जुर्माना, नियोजक या ऐसी नियुक्ति को धारण करने वाले व्यक्ति जिसका नाम उप नियम (1) के खण्ड (ख) में प्रस्तुत की गयी सूची में निर्दिष्ट हो, के अतिरिक्त अधिरोपित नहीं किया जा सकेगा। (5) कोई व्यक्ति जो किसी नियोजित व्यक्ति के ऊपर जुर्माना अधिरोपित करना चाहता है या किसी नुकसान या हानि के लिये कटौती करना चाहता है, व्यक्तिगत रूप से उक्त व्यक्ति को, ऐसे कार्य या लोप या नुकसान या हानि, जिसके सन्दर्भ में जुर्माना या कटौती अधिरोपित की जानी है, स्पष्ट करेगा और उसका स्पष्टीकरण मौखिक रूप से कम से कम एक व्यक्ति जो उस समय ऐसे स्थान पर मौजूद था, की उपस्थिति में या लिखित रूप में प्राप्त करेगा, जैसा कि नियोजित व्यक्ति द्वारा अधिमान प्रदान किया जाय। (6) जुर्माना अधिरोपित करने वाला व्यक्ति या नुकसान या हानि के लिये कटौती किये जाने का निर्देश देने वाला व्यक्ति बिना अनावश्यक विलम्ब के नियोजक को समस्त विवरण के साथ अवगत करायेगा और नियोजक ऐसे जुर्माने या कटौती को प्रपत्र-1 में विनिर्दिष्ट रजिस्टर में अनुरक्षित करेगा। (7) सभी प्रकार की कटौतियों, जुर्मानों तथा वसूलियों के माध्यम से इस प्रकार एकत्रित धनराशि का प्रयोग अधिष्ठान में नियोजित व्यक्तियों के लिए ऐसी कल्याणकारी योजनाओं या उपबंधों के माध्यम से, लाभकारी प्रयोजनों के लिए लागू की जायेगी जो नियोक्ता द्वारा तैयार की गयी हो श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश अथवा क्षेत्रीय अधिकारिता रखने वाले अपर/ उप श्रमायुक्त द्वारा अनुमोदित किया गया हो, किया जायेगा: परन्तु यह कि इस नियमावली की कोई बात नियोक्ता को इन कल्याणकारी उपायों अथवा योजनाओं में उसे किसी धनराशि का अभिदान करने से निवारित नहीं करेगी।
		धारा 20 की उप-धारा (2) के परंतुक के अधीन कटौती की रीति और

धारा-20 की उपधारा (2) के परन्तुक के अधीन कटौती की रीति एवं कटौती सूचना दिया जाना	18	कटौती की सूचना (1) जहाँ नियोक्ता धारा 20 की उप-धारा (2) के परंतुक के अधीन कटौतियां करने का इच्छुक है, वहाँ नियोक्ता संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करेगा और संबंधित कर्मचारियों को सुनवाई का उचित अवसर तथा साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करने के पश्चात, कटौतियां अधिरोपित करने के कारणों का उल्लेख करते हुए एक विस्तृत आदेश पारित करेगा और कटौती करने के लिए जारी किए गए नोटिस की एक प्रति, कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण और नियोक्ता द्वारा लिए गए निर्णय को, ऐसी कटौती के दिनांक से दस दिनों के भीतर, ऐसी कटौती और उसके कारण के संबंध में हस्तकृत रूप में या इलेक्ट्रॉनिक रूप से अधिकारिता रखने वाले निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता और क्षेत्रीय अपर/उप श्रम आयुक्त को भेजा जाएगा। (2) निरीक्षक-सह-सुविधा प्रदाता उप-नियम(1) के अधीन सूचना प्राप्त होने के पश्चात् ऐसी सूचना की जांच करेगा और यदि वह पाता है कि उसमें दिया गया स्पष्टीकरण संहिता या उसके अधीन बनाए गए नियमों के किसी उपबंध के उल्लंघन में है, तो वह अधिकारिता रखने वाले क्षेत्रीय अपर/उप श्रम आयुक्त के अनुमोदन से, नियोक्ता के विरुद्ध संहिता के अधीन 30 दिन के भीतर उचित कार्रवाई शुरू करेगा।
धारा 21 की उप-धारा(2) के अधीन नुकसान अथवा हानि के लिए कटौती की प्रक्रिया एवं उपधारा-(3) के अधीन रजिस्टरों में प्रविष्टि	19	यदि कोई नियोजक, धारा 21 की उप-धारा (1) के अधीन नुकसान अथवा हानि के लिए किसी कर्मचारी की मजदूरी से कटौती करना चाहता है, तो वह- (एक) ऐसे कर्मचारी को उसे स्पष्ट रूप से सौंपे गये सामानों की क्षति या नुकसान के लिए अभिरक्षा हेतु या ऐसी धनराशि की क्षति हेतु जिसके लिये उसका जिम्मेदार होना अपेक्षित हो, तथा किस प्रकार से ऐसे नुकसान अथवा क्षति के लिए प्रत्यक्ष रूप से उस कर्मचारी की उदासीनता अथवा चूक उत्तरदायी है के सम्बन्ध में व्यक्तिगत रूप से लिखित में कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी करेगा; और (दो) तत्पश्चात् सम्बंधित कर्मचारी को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् पूर्वोक्त उपधारा के अधीन कटौती करने वाले किसी आदेश के सम्बन्ध में सूचना सम्बंधित कर्मचारी को ऐसी कटौती किये जाने के कम से कम पन्द्रह दिन पूर्व देगा। (तीन) नियोजक ऐसी कटौती को प्रपत्र-1 में विनिर्दिष्ट रजिस्टर में अभिलिखित करेगा।
		वसूली, जैसी भी स्थिति हो- (एक) धारा 23 के खंड (ख) के अधीन नियोजन शुरू होने के पश्चात् किसी कर्मचारी को दिए गए धन के अग्रिम; या

धारा 23 के अधीन अग्रिम वसूली के सम्बन्ध में शर्तें	20	(दो) धारा 23 के खंड (ग) के अधीन किसी कर्मचारी को पहले से अर्जित न की गई मजदूरी के अग्रिम, यथास्थिति, नियोक्ता द्वारा संबंधित कर्मचारी की मजदूरी से नियोक्ता द्वारा निर्धारित किश्तों में की जाएगी, ताकि किसी भी मजदूरी अवधि में कोई भी या सभी किश्तें उस मजदूरी अवधि में नियम-14 में विनिर्दिष्ट अधिकतम सीमा के अधीन कर्मचारी की मजदूरी के पचास प्रतिशत से अधिक न हों और ऐसी वसूली के विवरण प्रपत्र-1 में रखे गए रजिस्टर में दर्ज अभिलिखित किए जाएंगे।
ऋण की सीमा तथा धारा 24 के अधीन कटौती	21	धारा 18 की उप धारा (2) के खण्ड (छ) के अधीन स्वीकृत ऋण की सीमा तथा केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित भवन निर्माण अथवा अन्य प्रयोजनों के लिए स्वीकृत ऋणों और उनके देय ब्याज की वसूली हेतु ऐसी कटौतियां, ऐसे ऋणों को स्वीकृत करने की सीमा तथा इन पर देय ब्याज दर को विनियमित करने वाले समय-समय पर केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा दिये गये निर्देश अथवा जारी परिपत्र के अध्यधीन होगी।

अध्याय-चार
राज्य सलाहकार बोर्ड

धारा-42 की उपधारा (4) के अधीन राज्य सलाहकार बोर्ड,		(1) धारा 42 की उप धारा (4) के प्रयोजनार्थ राज्य सरकार एक राज्य सलाहकार बोर्ड का गठन करेगी। (2) बोर्ड, ऐसे व्यक्तियों, जो नियोजक एवं कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करते हों, जैसा कि धारा 42 की उप धारा (6) के खण्ड (क) और (ख) में विनिर्दिष्ट हैं और ऐसे स्वतन्त्र व्यक्तियों, जैसा कि इस उप धारा के खण्ड (ग) में विहित किया गया है, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाये, से मिलकर बनेगा। (3) धारा 42 की उप धारा (6) के खण्ड (क) में निर्दिष्ट नियोजकों का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्तियों की संख्या बारह से कम नहीं होगी और इस उप धारा के खण्ड (ख) में निर्दिष्ट कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्तियों की संख्या भी बारह से कम नही होगी। (4) धारा 42 की उपधारा (6) के खण्ड (ग) में विनिर्दिष्ट स्वतंत्र व्यक्तियों, जो राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जायेंगे, में निम्नलिखित व्यक्ति होंगेः- (एक) मा० मंत्री, श्रम एवं सेवाजोजन, उत्तर प्रदेश सरकार – पदेन अध्यक्ष;

उसकी समितियों तथा उप-समितियों का गठन	22	(दो) राज्य विधान मण्डल के दो नाम निर्दिष्ट सदस्य; (तीन) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन, उत्तर प्रदेश सरकार; (चार) अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव, वित्त, उत्तर प्रदेश सरकार; (पॉच) अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव, उद्योग, उत्तर प्रदेश सरकार (छः) मजदूरी एवं श्रम संबंधी मामलों में विशेषज्ञता रखने वाले दो सदस्य (5) श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश, राज्य सलाहकार बोर्ड का सदस्य-सचिव होगा। (6) राज्य सलाहकार बोर्ड, धारा 42 की उपधारा (6) के अनुसार एक या उससे अधिक समितियों या उपसमितियों का गठन कर सकती है। बोर्ड द्वारा गठित की जाने वाली समितियों तथा उप-समितियों के अध्यक्ष की नियुक्ति बोर्ड द्वारा की जायेगी तथा ऐसा अध्यक्ष, बोर्ड के स्वतन्त्र सदस्यों में से ही एक होगा। (7) राज्य सरकार बोर्ड के सदस्यों का नामनिर्देशन करते समय इस तथ्य का ध्यान रखेगी कि स्वतन्त्र सदस्यों की संख्या बोर्ड के कुल सदस्यों की संख्या के एक-तिहाई से अधिक न हो तथा बोर्ड के सदस्यों में न्यूनतम एक-तिहाई महिलायें होंगी।
धारा-42 की उपधारा-(10) के अधीन बोर्ड, समितियों तथा उप समितियों की बैठक	23	बोर्ड तथा उसके द्वारा गठित समितियों तथा उप-समितियों के अध्यक्ष, यथास्थिति, नियम 22 के उपबन्धों के अधयधीन किसी भी समय जब वह उचित समझे, बोर्ड की बैठक बुला सकता है: परन्तु यह कि न्यूनतम आधे सदस्यों द्वारा लिखिम मांग प्राप्त होने पर, अध्यक्ष, ऐसी मॉग प्राप्त होने के दिनांक से तीस दिन के भीतर एक बैठक बुलायेगा।
बोर्ड, समितियों और उप-समितियों की बैठकों की नोटिस	24	अध्यक्ष, प्रत्येक बैठक का दिनांक, समय एवं स्थान का निर्धारण करेगा तथा पूर्वोक्त विवरण को सम्मिलित करते हुए बैठक में की जाने वाली कार्यवाही के साथ लिखित नोटिस ऐसी बैठक के नियत दिनाँक से कम से कम 15 दिन पहले, पंजीकृत डाक एवं इलेक्ट्रॉनिक रीति से, प्रत्येक सदस्य को भेजेगा: परंतु यह कि, आकस्मिक बैठक के मामले में प्रत्येक सदस्य को केवल 7 दिन का नोटिस भी दिया जा सकता है।
		अध्यक्ष (1) बोर्ड की बैठकों की अध्यक्षता करेंगे: परंतु यह कि किसी बैठक में अध्यक्ष की अनुपस्थिति में, ऐसी बैठक

अध्यक्ष के कृत्य	25	की अध्यक्षता हेतु बोर्ड के सदस्यों में से किसी व्यक्ति को नामनिर्दिष्ट करेंगे; (2) बोर्ड की प्रत्येक बैठक की कार्यसूची का निर्धारण करेंगे; (3) जब बोर्ड की बैठक में, कोई मुद्दा मतदान द्वारा निर्धारित किया जाना है, तो मतदान करायेगा तथा बैठक में गुप्त मतदान की गणना करेगा अथवा करायेगा।
गणपूर्ति	26	किसी बैठक में कोई कार्य नहीं किया जाएगा यदि, न्यूनतम एक तिहाई सदस्य तथा नियोजकों एवं कर्मचारियों का न्यूनतम एक-एक प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हो: परंतु यह कि यदि किसी बैठक में एक तिहाई सदस्यों से कम सदस्य उपस्थित हों तो अध्यक्ष ऐसी बैठक को अधिकतम सात दिन के लिए स्थगित कर सकता है तथा स्थगन में कार्य का निस्तारण किया जाना विधिमान्य होगा, भले ही गणपूर्ति की कमी में सदस्य बैठक में भाग ले रहे हों: परंतु यह और कि ऐसी स्थगित बैठक का दिनांक, समय एवं स्थान सभी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रीति से या पंजीकृत डाक द्वारा सूचित की जायेगी।
राज्य सलाहकार बोर्ड और राज्य सलाहकार बोर्ड द्वारा गठित समितियों तथा उप समितियों के कार्य का निस्तारण	27	राज्य सलाहकार बोर्ड, राज्य सलाहकार बोर्ड द्वारा नियुक्त समितियों तथा उप समितियों के समस्त कार्यों पर विचार, राज्य सलाहकार बोर्ड, राज्य सलाहकार बोर्ड द्वारा नियुक्त समितियों तथा उपसमितियों की बैठक में किया जायेगा और उस पर विनिश्चय, उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के मतों के बहुमत से किया जायेगा और समान मत होने की स्थिति में अध्यक्ष के पास निर्णायक मत होगा: परन्तु यह कि अध्यक्ष, यदि उचित समझे तो यह निदेश दे सकता है कि किसी मामले का विनिश्चय आवश्यक पत्रजातों के परिचालन द्वारा तथा सदस्यों का लिखित मत प्राप्त करके किया जाएगा: परन्तु यह और कि पूर्ववर्ती परन्तुक के अधीन किसी मामले में कोई विनिश्चय नहीं किया जाएगा जब तक कि अन्यून दो-तिहाई सदस्य इसका समर्थन न करें।
मतदान पद्धति	28	राज्य सलाहकार बोर्ड, राज्य सलाहकार बोर्ड द्वारा नियुक्त समितियों तथा उप समितियों में मतदान, सामान्यतः हाथ उठाकर किया जाएगा किन्तु यदि कोई सदस्य मतपत्र द्वारा मतदान की मांग करता है अथवा यदि अध्यक्ष ऐसा विनिश्चय करता है तो मतदान गुप्त मतपत्र द्वारा किया जायेगा और वह इस रीति से किया जायेगा जैसाकि अध्यक्ष विनिश्चित करे।

बैठक की कार्यवाहियाँ	29	(1) राज्य सलाहकार बोर्ड, राज्य सलाहकार बोर्ड द्वारा नियुक्त समितियों तथा उप समितियों की प्रत्येक बैठक की कार्यवाहियाँ, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ बैठक में उपस्थित सदस्यों के नाम दर्शाते हुये, यथा सम्भव बैठक के तुरंत बाद और किसी दशा में अगली बैठक से अन्यून सात दिन पहले, प्रत्येक सदस्य तथा राज्य सरकार को अग्रसारित की जायेंगी। (2) राज्य सलाहकार बोर्ड, राज्य सलाहकार बोर्ड द्वारा नियुक्त समितियों तथा उपसमितियों की प्रत्येक बैठक की कार्यवाहियों की पुष्टि ऐसे उपान्तरणों, यदि कोई हों, जैसा कि अगली बैठक में आवश्यक समझा जाय, की पुष्टि की जायेगी।
साक्षियों को समन किया जाना और दस्तावेजों का प्रस्तुत किया जाना	30	(1) अध्यक्ष किसी व्यक्ति को साक्षी के रूप में उपस्थितहोने के लिये समन कर सकता है यदि वह कर्तव्य निर्वहन के प्रक्रम में अपेक्षित समझे, और वह किसी व्यक्ति से कोई दस्तावेज प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकता है। (2) प्रत्येक व्यक्ति, जिसे समन किया जाय और जो बोर्ड के समक्ष साक्षी के रूप में प्रस्तुत हो, किसी सिविल न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होने वाले साक्षियों के लिये भत्ता संदाय हेतु तत्समय प्रवृत्त मान के अनुसार अपने द्वारा कृत व्ययों हेतु भत्ता का हकदार होगा।
धारा-42 की उपधारा-(2) के अधीन बोर्ड और राज्य सलाहकार बोर्ड की समितियों तथा उपसमितियों के सदस्यों का कार्यकाल	31	(1) यथास्थिति, बोर्ड के किसी नाम निर्दिष्ट सदस्य अथवा किसी समिति या उप-समिति के अध्यक्ष का कार्यकाल, धारा 42 की उपधारा (6) के अधीन यथास्थिति उसकी नियुक्ति अथवा नामनिर्देशन के दिनांक से प्रारम्भ होने वाले सामान्यतः दो वर्ष का होगा। (2) आकस्मिक रिक्ति को भरने के लिए बोर्ड का नाम निर्दिष्टस्वतंत्र सदस्य, उस सदस्य के शेष कार्यकाल की अवधि तक के लिए पद पर बना रहेगा जिसके स्थान पर वह नामनिर्दिष्ट किया गया हो; (3) बोर्ड के आधिकारिक सदस्य, तब तक अपने पद पर बने रहेंगे, जब तक कि उनका स्थान, अन्य आधिकारिक सदस्यों द्वारा न ले लिया जाये; (4) उपनियम (1), (2) एवं (3) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी बोर्ड के सदस्य, राज्य सरकार के प्रसाद-पर्यन्त अपने पद पर बने रहेंगे।
यात्रा भत्ता	32	राज्य सलाहकार बोर्ड, समितियों और उपसमितियों के अध्यक्ष और गैर-सरकारी सदस्य, अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन के सम्बन्ध में की गयी किसी यात्रा के लिए राज्य सरकार के श्रेणी-क के अधिकारी के लिये लागू न्यूनतम दर पर तथा शर्तों के अध्यधीन यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता तथा ठहराव भत्ता आहरित करने के हकदार होंगे।

अधिकारी और कर्मचारिवर्ग	33	राज्य सरकार, बोर्ड के लिये, बोर्ड के सदस्य-सचिव से भिन्न, एक सचिव और बोर्ड की समितियों और उप-समितियों के लिए एक या एक से अधिक सचिवों, जो उत्तर प्रदेश सरकार के उप श्रम आयुक्त से अनिम्न रैंक का हो तथा बोर्ड, समितियों, उप समितियों के लिये अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति कर सकती है, जैसा कि वह बोर्ड, समितियों और उप-समितियों के संचालन के लिए आवश्यक समझे।
बोर्ड, समितियों और उपसमितियों के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों का त्याग पत्र	34	(1) अध्यक्ष से भिन्न बोर्ड, समितियों और उपसमितियों का कोई नामनिर्दिष्ट सदस्य, अध्यक्ष को लिखित रूप में नोटिस देकर अपनी सदस्यता से त्यागपत्र दे सकता है और अध्यक्ष, राज्य सरकार को सम्बोधित पत्र के द्वारा त्यागपत्र दे सकता है। (2) कोई त्यागपत्र, उसकी स्वीकृति की सूचना के दिनांक या त्यागपत्र के दिनांक, जो भी कम हो, से 30 दिन की समाप्ति पर प्रभावी होगा। (3) जब बोर्ड की सदस्यता के लिए कोई रिक्ति होती है या होने की संभावना हो तो सदस्य-सचिव, उसकी सूचना तत्काल राज्य सरकार को देगा और तब राज्य सरकार संहिता के उपबंधों के अनुसार रिक्ति को भरने के लिये कदम उठायेगी।
सदस्यता का समापन	35	यदि बोर्ड, समितियों और उपसमितियों का कोई सदस्य, अध्यक्ष को पूर्व सूचना दिये बिना, तीन लगातार बैठकों में अनुपस्थित रहता है, तो वह उसका सदस्य रहने से प्रविरत हो जायेगा।
निरर्हता	36	(1) कोई व्यक्ति राज्य सलाहकार बोर्ड का सदस्य होने तथा सदस्य के रूप में नामनिर्दिष्ट किये जाने के लिये निरर्ह हो जायेगा- (एक) यदि उसे किसी सक्षम न्यायालय द्वारा विकृत चित्त का घोषित कर दिया जाय; अथवा (दो) यदि वह अनुन्मुक्त दिवालिया हो; अथवा (तीन) यदि संहिता के प्रारम्भ होने के पूर्व अथवा पश्चात् वह नैतिक अधमता से अन्तर्ग्रस्त किसी अपराध में सिद्ध-दोषी हो। (2) यदि कोई प्रश्न उठता है कि क्या उपनियम(1) के अधीन कोई निरर्हता हुई है, तो इस पर राज्य सरकार का विनिश्चय अंतिम होगा।

अध्याय-पाँच
असंवितरित बकायों, दावों इत्यादि का भुगतान

धारा 44 की उप-	37	(क) प्रत्येक कर्मचारी प्रपत्र-12 में एक घोषणा करेगा, जिसमें वह किसी

धारा (1) के खण्ड (क) के अधीन भुगतान		व्यक्ति को अपनी मृत्यु की स्थिति में उसके खाते में जमा धनराशि प्राप्त करने का अधिकार प्रदान करते हुए नामनिर्देशित करेगा, यदि वह राशि संदेय होने से पहले या संदेय होने के पश्चात भुगतान किए जाने से पहले उसकी मृत्यु हो जाती है। (ख) यदि नामनिर्देशन के समय कर्मचारी का परिवार है, तो नामनिर्देशन पति/पत्नी के पक्ष में या वरीयता के आधार पर पति/पत्नी और उसके बाद उसके परिवार के एक या अधिक सदस्यों के पक्ष में होगा; परंतु यह कि परिवार वाले कर्मचारी द्वारा अपने परिवार के सदस्य के अलावा किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में किया गया नामनिर्देशन अविधिमान्य होगा; परंतु यह और कि कर्मचारी द्वारा अपने विवाह पर अपने पति/पत्नी के पक्ष में नया नामनिर्देशन किया जाएगा और ऐसे विवाह से पहले किया गया कोई भी नामनिर्देशन अविधिमान्य माना जाएगा। (ग) जहाँ नामनिर्देशन पूर्णतः या अंशतः किसी नाबालिग के पक्ष में है, वहाँ कर्मचारी अपने परिवार के किसी वयस्क व्यक्ति को नाबालिग नामनिर्देशिती का अभिभावक नियुक्त कर सकता है, या जहाँ परिवार में कोई वयस्क व्यक्ति नहीं है, वहाँ वह अपने विवेक से किसी अन्य व्यक्ति को नाबालिग नामनिर्देशिती का अभिभावक नियुक्त कर सकता है। (घ) यदि कर्मचारी एक से अधिक सदस्यों को नामनिर्देशित करता है, तो वह नामनिर्देशन में अपने विवेक से प्रत्येक नामनिर्देशिती को संदेय धनराशि या हिस्सा विनिर्दिष्ट करेगा, ताकि उसकी सम्पूर्ण जमापूंजी की धनराशि का भुगतान किया जा सके।
धारा 44 की उप-धारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन असंवितरित देयों को जमा किया जाना	38	(1) जहाँ संहिता के अधीन किसी कर्मचारी को संदेय कोई धनराशि उसकी मृत्यु के पश्चात या उसके पते का पता न होने के कारण देय है, और वह राशि संदेय होने के दिनांक से तीन महीने की समाप्ति तक कर्मचारी के नामनिर्देशिती को भुगतान नहीं की जा सकी है, तो ऐसी धनराशि नियोक्ता द्वारा अधिकारिता रखने वाले अपर/उप श्रम आयुक्त के पास जमा की जाएगी, जो धनराशि जमा होने के दिनांक से दो महीने के भीतर कर्मचारी द्वारा नामनिर्दिष्ट व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित करने के पश्चात उसे धनराशि संवितरित करेंगे। नामनिर्दिष्ट व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपर/उप श्रमायुक्त राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की सहायता ले सकेंगे। (2) जहाँ इस संहिता के अधीन किसी कर्मचारी को संदेय कोई धनराशि

		उसका मृत्यु के पश्चात या उसके पते का पता न होने के कारण देय है, और वह इस कारण असंवितरित रह जाती है क्योंकि या तो ऐसे कर्मचारी द्वारा कोई नामनिर्देशन नहीं किया गया है या किसी अन्य कारण से, ऐसी धनराशि संदेय होने के दिनांक से तीन महीने की समाप्ति तक कर्मचारी के नामनिर्देशिती को भुगतान नहीं की जा सकी है, तो ऐसी सभी धनराशियाँ नियोक्ता द्वारा उक्त तीन महीने की अवधि के अंतिम दिन के बाद पंद्रहवें दिन की समाप्ति से पहले, डिमांड ड्राफ्ट या इलेक्ट्रॉनिक अंतरण के माध्यम से अधिकारिता रखने वाले क्षेत्रीय अपर/उप श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश सरकार के पास जमा की जाएगी।
धारा 44 की उप-धारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन असंवितरित देयों के निस्तारण की रीति	39	(1) नियम-37 और नियम-38 में निर्दिष्ट धनराशि (जिसे आगे इस नियम में धनराशि कहा गया है), जो अधिकारिता रखने वाले क्षेत्रीय अपर/उप श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश सरकार के पास जमा की गई है, उनके पास रहेगी और उक्त धनराशि केन्द्रीय या राज्य सरकार की प्रतिभूतियों में विनिधानित की जाएगी या किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में सावधि जमा के रूप में जमा की जाएगी। (2) अधिकारिता रखने वाले क्षेत्रीय अपर/उपश्रमआयुक्त, उत्तर प्रदेश सरकार, यथाशक्य-शीघ्र धनराशि से सम्बंधित विवरणों, जैसा कि क्षेत्रीय अपर/उप श्रमायुक्त द्वारा पर्याप्त समझा जाय, से अन्तर्विष्ट नोटिस कम से कम पन्द्रह दिनों के लिए सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा और ऐसी सूचना की एक प्रति नियोक्ता को भी हस्तकृत रूप से और इलेक्ट्रॉनिक रीति, दोनों माध्यमों से प्रेषित की जाएगी तथा इसे अधिकतम प्रसार वाले दो स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाएगा। यह नोटिस श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट पर इस उद्देश्य के लिए बनाए गए एक अलग लिंक के माध्यम से भी प्रदर्शित किया जाएगा; परंतु यह कि स्थानीय समाचार पत्रों में नोटिस के प्रकाशन का व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा (3) उप-नियम (4) के उपबंधों के अध्यधीन अधिकारिता वाला क्षेत्रीय अपर/उप श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश सरकार, यथास्थिति नामनिर्देशिती को या उस व्यक्ति को जिसने ऐसी धनराशि का दावा किया है, धनराशि अवमुक्त करेगा, जिसके पक्ष में ऐसे क्षेत्रीय अपर/उप श्रम आयुक्त ने सुनवाई का अवसर देने के पश्चात धनराशि भुगतान किए जाने का विनिश्चय किया है। नामनिर्दिष्ट व्यक्ति अथवा विधिक वारिस की पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय अपर/उप श्रमायुक्त, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की सहायता ले सकेंगे। (4) यदि असंवितरित धनराशि दो वर्ष की अवधि तक के लिए

		अदावाकृत रहती है, तो आधिकारिता रखने वाला क्षेत्रीय अपर/उप श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश सरकार, ब्याज सहित, यदि कोई हो, ऐसी धनराशि को उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण निधि अधिनियम, 1965 (अधिनियम संख्या 14 सन् 1965) की धारा 3 के अधीन गठित उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण निधि में अंतरित करेगा। (5) उप-नियम (4) के अनुसार उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण निधि में इस प्रकार अंतरित धनराशि, उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण निधि अधिनियम, 1965 (अधिनियम संख्या 14 सन् 1965) और तद्धीन बनायी गयी नियमावली के उपबंधों द्वारा प्रशासित की जाएगी।

अध्याय- छह
प्रपत्र, रजिस्टर, मजदूरी पर्ची

नियोजकों द्वारा अनुरक्षित किये जाने वाले रजिस्टर	40	प्रत्येक नियोजक, जिस पर मजदूरी संहिता, 2019 लागू होता है, एक रजिस्टर अनुरक्षित करेगा- (एक) उक्त संहिता के अनुसार प्रपत्र-एक में की गयी मजदूरी, अतिकाल, जुर्माना, विभिन्न कटौतियों का विवरण उल्लिखित होगा; (दो) प्रपत्र-दो में उक्त संहिता की धारा 50 की उप धारा (1) के उपबंधों के अनुसार होगा; (तीन) संहिता की धारा-44 की उपधारा-(1) के खण्ड (क) के उपबंधों के अनुसार नामनिर्देशन प्रपत्र, प्रपत्र-बारह में अनुरक्षित किये जायेंगें; (चार) सभी रजिस्टर भौतिक रूप में अथवा इलेक्ट्रानिक रीति से डिजिटल स्वरूप में अनुरक्षित किये जायेंगे; (पांच) इन नियमों के अधीन अनुरक्षित किये जाने वाले आवश्यक रजिस्टर को उनमें की गयी अन्तिम प्रविष्टि के दिनांक के बाद पाँच वर्ष की अवधि के लिये संरक्षित किया जायेगा।
इस नियमावली के प्रयोजनार्थ प्रयोग किये जाने वाले विभिन्न प्रपत्र	41	(1) इस नियमावली के साथ संलग्न और नीचे सारणी में उल्लिखित प्रपत्र, इस नियमावली के विभिन्न उपबंधों के लिये प्रयोग किये जायेंगे-

प्रपत्र संख्या	सम्बन्धित नियम	प्रपत्र की विशिष्टियाँ
तीन	नियम 43	धारा 45 की उपधारा (5) के अधीन एकल

				आवेदन-पत्र
		चार	नियम 44 (1)	प्राधिकार प्रमाण-पत्र
		पाँच	नियम 44 (5)(एक)	आवेदन-पत्र के निस्तारण हेतु नोटिस
		छः	नियम 44 (6)(एक)	निदेश के आदेश का अभिलेख
		सात	नियम 45 (1)	मजदूरी संहिता की धारा 49 की उप धारा (1) के अधीन अपील
		आठ	नियम 45 (3)	मजदूरी संहिता की धारा 49 के अधीन अपील की सुनवाई हेतु प्रत्यर्थी को नियत दिनांक की नोटिस
		नौ	नियम 42	मजदूरी पर्ची
		दस	नियम 50 (1)	मजदूरी संहिता की धारा 56 की उप धारा (4) के अधीन अपराध के प्रशमन के लिये नियोजक का आवेदन-पत्र
		ग्यारह	नियम 50 (2)	मजदूरी संहिता की धारा 56 की उपधारा (1) के अधीन अपराधों का प्रशमन करने हेतु प्रशमनकर्ता अधिकारी द्वारा अनिवर्तनकर्ता नियोजक को नोटिस
		बारह	नियम 37 (क)	धारा 44 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के उपबंधों के अनुसार नाम-निर्देशन प्रपत्र
		(2) धारा 19 की उप धारा (8) के अधीन निर्दिष्ट प्राधिकारी, अधिकारिता रखने वाले क्षेत्रीय अपर/उप श्रमायुक्त होंगे।		
मजदूरी पर्ची	42	प्रत्येक नियोजक, मजदूरी का संदाय करने या उसके पूर्व, कर्मचारियों को प्रपत्र- नौ में मजदूरी पर्चियाँ, इलेक्ट्रानिक रूप में अथवा भौतिक रूप से जारी करेगा।		

अध्याय-सात

दावा आवेदनों और अपीलों के निपटान की प्रक्रिया

दावे के लिये प्राधिकारी के समक्ष आवेदन-पत्र	43	धारा 45 की उपधारा (4) में यथा उल्लिखित कोई कर्मचारी या किसी संख्या में कर्मचारियों द्वारा या व्यक्तियों द्वारा, दावे के लिये आवेदन-पत्र, धारा 45 की उप धारा (1) के अधीन यथा अधिसूचित प्राधिकारी के समक्ष, अधिकारिता वाले क्षेत्र, जहां अधिष्ठान अवस्थित है, में ऐसे प्रपत्र में विनिर्दिष्ट दस्तावेजों के साथ प्रपत्र-तीन में हस्तकृत रूप में अथवा इलेक्ट्रानिक रीति से प्रस्तुत किये जायेंगे।

प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये गये आवेदन पत्रों की प्रक्रिया	44	(1) संहिता की धारा 45 की उप-धारा (4) के अधीन यथा विनिर्दिष्ट व्यक्तियों की ओर से कार्य करने का प्राधिकार, प्रपत्र-चार में निर्दिष्ट प्रमाण-पत्र द्वारा दिया जायेगा और, आवेदन-पत्र या अपील की सुनवाई कर रहे यथास्थिति प्राधिकारी अथवा अपीलीय प्राधिकारी, के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा और वह अभिलेख का अंग होगा। (2) कोई व्यक्ति, जो किसी नियोजित व्यक्ति या व्यक्तियों की ओर से कार्य करने के लिये प्राधिकारी की अनुज्ञा चाहता हो, मामले में अपने हितों को स्पष्ट करते हुए प्राधिकारी को एक संक्षिप्त लिखित कथन प्रस्तुत करेगा तथा प्राधिकारी, इंकार के इस मामले में कारण बताते हुए कथन पर एक आदेश अभिलिखित करेगा और उसे अभिलेख में सम्मिलित भी करेगा। (3) आवेदन या किसी आवेदन से सुसंगत अन्य दस्तावेज, प्राधिकारी के समक्ष व्यक्तिगत रूप से, प्राधिकारी द्वारा नियत किये जाने वाले समय के दौरान किसी समय पर प्रस्तुत किये जा सकते हैं अथवा उसे पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित किये जा सकते हैं। प्राधिकारी तत्काल प्रत्येक दस्तावेज पर यथास्थिति प्रस्तुत किये जाने या प्राप्त किये जाने का दिनाँक, पृष्ठांकित करेगा या पृष्ठांकित करायेगा। (4) आवेदन ग्रहण करने से इन्कार किया जाना- (क) प्राधिकारी, धारा 41 की उप-धारा (3) के अधीन अपने समक्ष प्रस्तुत आवेदन को ग्रहण किये जाने से इंकार कर सकता है, यदि आवेदक को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात प्राधिकारी का लिखित रूप से अभिलिखित किये जाने वाले कारण से समाधान हो जाता है कि- (एक) आवेदक ऐसा आवेदन प्रस्तुत करने के लिये हकदार नहीं है; या (दो) यदि आवेदन धारा 45 की उप धारा (6) के परन्तुक में दिये गये कारणों से बाधित है; या (तीन) प्राधिकारी ऐसे आवेदन को ग्रहण करने से इंकार कर सकता है जो, अपर्याप्त रूप से हस्ताक्षरित अथवा स्टांपित हो या अन्यथा रूप से अपूर्ण हो और यदि वह ऐसा करने से इंकार करता है तो उसे त्रुटि की सूचना के साथ तुरन्त वापस कर देगा। (ख) यदि आवेदन उसकी त्रुटियों को दूर करते हुए पुनः प्रस्तुत किया जाता है तो पश्चातवर्ती, प्रस्तुत किए जाने के दिनांक को धारा 45 की उप धारा (6) के परन्तुक के प्रयोजनार्थ, प्रस्तुत किये जाने का

दिनांक समझा जाएगा।

(5) पक्षकारों का उपस्थित होना-यदि आवेदन ग्रहण किया जाता है:

(एक) प्राधिकारी नियोजक से प्रपत्र पांच में नोटिस द्वारा किसी विनिर्दिष्ट दिनांक को अपने समक्ष ऐसे समस्त सुसंगत दस्तावेजों और साक्ष्यों, यदि कोई हों, के साथ उपस्थित होने की अपेक्षा करेगा और इस प्रकार विनिर्दिष्ट दिनांक की सूचना आवेदक को देगा।

(दो) यदि नियोजक अथवा उसका प्राधिकृत प्रतिनिधि विनिर्दिष्ट दिनांक को उपस्थित होने में विफल रहता है तो प्राधिकारी सुनवाई के लिये कार्यवाही कर सकता है और आवेदन को एक पक्षीय रूप से अवधारित कर सकता है।

(तीन) यदि आवेदक, विनिर्दिष्ट दिनांक को उपस्थित होने में विफल रहता है तो प्राधिकारी आवेदन को खारिज कर सकता है:

परन्तु यह कि खण्ड (ख) या खण्ड (ग) के अधीन पारित किसी आदेश को अपास्त किया जा सकता है और सुनवाई हेतु नियत दिनांक की नोटिस विरोधी पक्षकार को तामील करके उक्त आदेश के दिनांक से एक माह के भीतर समुचित कारण दर्शाये जाने पर आवेदन पर सुनवाई की जा सकती है।

(6) कार्यवाहियां अभिलिखित किया जाना-प्राधिकारी-

(एक) समस्त मामलों में, प्रपत्र-छः में उपदर्शित विवरण अंकित करेगा एवं आदेश पारित करते समय, प्रपत्र पर दिनांक सहित हस्ताक्षर अंकित करेगा;

(दो) ऐसे मामले में जहाँ कोई अपील निहित न हो वहां अग्रतर कोई अभिलेख आवश्यक नहीं होगा;

(तीन) ऐसे मामले में जहाँ कोई अपील निहित न हो, प्राधिकारी साक्ष्य का सार अभिलिखित करेगा तथा उस पर अपना हस्ताक्षर करके आदेश या निदेश के अभिलेख में संलग्न करेगा।

(7) सुनवाई को स्थगित किये जाने के कारणों को अभिलिखित किया जाना-यदि प्राधिकारी किसी आवेदन का निस्तारण एक सुनवाई में करने में असमर्थ हो तो वह ऐसे कारणों को अभिलिखित करेगा जिसके कारण स्थगन आवश्यक हुआ हो।

(8) प्रपत्रों पर हस्ताक्षर-आदेश या निदेश के अभिलेख से भिन्न किसी प्रपत्र, जिस पर उस नियमावली के माध्यम से प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किया जाना अपेक्षित हो, पर उसके निदेश से और उसकी

		ओर से, इस प्रयोजनार्थ उसके द्वारा लिखित रूप में नियुक्त उससे अधीनस्थ किसी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किया जा सकता है। (9) शक्तियों का प्रयोग-धारा 45 की उप-धारा (7) द्वारा प्रदत्त सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग करते समय प्राधिकारी, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की प्रथम अनुसूची के सुसंगत आदेशों की प्रक्रिया के सम्बन्ध में उनके सार को प्रभावित किये बिना, ऐसे परिवर्तनों के साथ, जैसा कि प्राधिकारी को आवश्यक प्रतीत हो अपने समक्ष प्रस्तुत मामले में उन्हें अंगीकृत किये जाने हेतु, सिवाय उनके जहाँ उनका संहिता या इस नियमावली के स्पष्ट उपबंधों के साथ विरोधाभास हो, मार्गदर्शित होगा।
अपील के निस्तारण की प्रक्रिया	45	(1) अपील हस्तकृत रूप से अथवा इलेक्ट्रानिक रीति से प्रपत्र-सात में ज्ञापन पत्र में दो प्रतियों में की जायेगी जिसमें एक प्रति पर पूर्णतः या आंशिक रूप से खारिज करने वाले आदेश के प्रति आपत्ति के आधारों को संक्षिप्त रूप में अपास्त करते हुए विहित न्यायालय फीस और संहिता की धारा 45 की उपधारा (2) के अधीन कृत आवेदन उल्लिखित होंगे और उसके साथ उक्त आदेश या निदेश की प्रमाणित प्रति संलग्न की जाएगी। (2) धारा 49 की उप धारा (1) के अधीन कोई अपील तब तक संधार्य नहीं होगी जब तक कि अपील ज्ञापन के साथ प्राधिकारी द्वारा इस आशय का प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं किया जाता है कि विरोध में अपील किये गये निदेश के अधीन संदेय धनराशि जमा कर दिया है। (3) जब कोई अपील दायर की जाती है तो प्रत्यर्थी को प्रपत्र-आठ में एक नोटिस जारी की जायेगी। (4) अपीलीय प्राधिकारी, पक्षकारों की सुनवाई करने के पश्चात् और ऐसी अग्रतर जाँच, यदि कोई हो, के पश्चात् जैसा कि वह आवश्यक समझे, ऐसे आदेश या निदेश, जिसके लिये अपील की गयी हो, की पुष्टि कर सकता है, उसमें परिवर्तन कर सकता है या उसे अपास्त कर सकता है एवं तदनुसार आदेश देगा। (5) प्राधिकारी, मामले की सुनवाई किये जाने के पश्चात् आदेश या निदेश या तो तुरन्त या तत्पश्चात्, यथासाध्य शीघ्र, किसी आगामी दिवस में देगा और जब आदेश या निदेश किसी भावी दिवस में किया जाना हो तो वह दिनांक निर्धारित करेगा जिसके प्रयोजनार्थ पक्षकारों

		या उनके अभिवक्ताओं को सम्यक नोटिस दिया जायेगा। (6) यथास्थिति कोई नियोजित व्यक्ति या कोई नियोजक या उसका प्रतिनिधि या धारा 45 की उप- धारा (5) के अधीन या धारा 49 की उप-धारा (1) के अधीन अनुज्ञात कोई व्यक्ति, जिसने निदेश के लिये आवेदन किया हो या कोई अपील किया हो, ऐसे मामले में जिसमें वह पक्षकार हो, यथास्थिति प्राधिकारी या अपीलीय प्राधिकारी के पास दाखिल कृत किसी आवेदन, अपील ज्ञापन या किसी अन्य दस्तावेज को अवलोकन करने हेतु हकदार होगा, और प्रति पृष्ठ रूपया दो मात्र का कोर्ट-फीस स्टाम्प के माध्यम से फीस का संदाय करने पर उसकी प्रतियां प्राप्त कर सकता है।

अध्याय-8
निरीक्षण एवं निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता

धारा-51 की उपधारा-(2) के अधीन निरीक्षण स्कीम	46	(1) संहिता तथा इस नियमावली के प्रयोजनार्थ, श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा राज्य सरकार के अनुमोदन से संहिता के अधीन आच्छादित अधिष्ठानों के निरीक्षण हेतु एक निरीक्षण स्कीम लागू की जायेगी। (2) श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश निरीक्षण स्कीम के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु सक्षम प्राधिकारी होंगे तथा इस सन्दर्भ में कोई भी आदेश- निदेश जारी कर सकेंगे।
धारा- 51 की उपधारा-(6) के खण्ड- (ड़) के अधीन निरीक्षण-सह-सुविधाप्रदाता की शक्तियाँ	47	धारा 51 की उपधारा (एक) के अधीन नियुक्त निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता निम्नलिखित शक्तियों का प्रयोग करेगा: (क) ऐसे सभी उचित समय पर, ऐसे सहायकों (यदि कोई हो), जो राज्य सरकार या किसी स्थानीय या अन्य सार्वजनिक प्राधिकरण की सेवा में हों, जैसा वह उचित समझे, के साथ किसी भी ऐसे परिसर अथवा स्थान जहां कर्मचारी नियोजित हैं अथवा कार्य को वाह्य श्रमिकों को दिया गया है, चाहे वह अति-कुशल, कुशल, अर्द्धकुशल अथवा अकुशल व्यवसाय के कार्य कर रहे हों, जिसके सन्दर्भ में संहिता के अधीन न्यूनतम मजदूरी दरें नियत किया गया हो, किसी रजिस्टर, मजदूरी के अभिलेखों, नोटिसों जिसे संहिता अथवा उसके अधीन बनायी गयी नियमावली के अधीन रखा जाना अथवा प्रदर्शित की जाना अभीष्ट हो, के परीक्षण करने के उद्देश्य से प्रवेश कर सकेगा तथा ऐसे अभिलेखों एवं सूचनाओं को निरीक्षण के लिये प्रस्तुत किये जाने की अपेक्षा कर सकेगा। (ख) ऐसे किसी भी व्यक्ति की जांच कर सकेगा, जिसे वह ऐसे

किसी परिसर या स्थान पर पाता है और जिसके सम्बन्ध में निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता को यह विश्वास करने का उचित कारण है कि वह व्यक्ति वहाँ नियोजित कर्मचारी है अथवा वह कोई ऐसा कर्मचारी है जिसे वहां काम दिया जाता है और किसी ऐसे व्यक्ति जो बाह्य कार्य और बाह्य श्रमिकों से देता है, से उन व्यक्तियों के नाम और पते के संबंध में किसी सूचना को, जिसे दिया जाना उसकी शक्ति में है, जिनके लिये और जिनके माध्यम से वाह्य कार्य दिया जाता है अथवा प्राप्त किया जाता है, तथा ऐसे कार्यों के लिए किये जाने वाले भुगतानों के सम्बन्ध में, उपलब्ध कराये जाने की मांग करना।

(ग) ऐसे रजिस्टर, मजदूरी के अभिलेखों, नोटिसों अथवा उनके किन्हीं भागों की प्रतियाँ प्राप्त अथवा जब्त करना, जैसा कि वह इस संहिता के अधनी अपराध के संबंध में सुसंगत समझे जिनके सन्दर्भ में उसके पास यह विश्वास करने के कारण करते हों कि नियोक्ता द्वारा अपराध को कारित किया गया है।

(घ) किसी कारखाने, उद्योग अथवा किसी अन्य अधिष्ठान में नियोजित कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले मजदूरी का पर्यवेक्षण करना।

(ड़) किसी न्यायालय अथवा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष इस संहिता के अधीन आवर्त किसी शिकायत या प्रक्रिया अथवा निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता के रूप में अपने कर्तव्यों के निवर्हन में, अभियोजन प्रस्तुत करने, संचालन करना, अथवा बचाव करना तथा ऐसे साक्ष्य सुरक्षित रखना, जैसा कि इस प्रयोजन के लिए आवश्यक हो, ।

(च) किसी कर्मचारी अथवा श्रमिक अथवा अधिष्ठान से संबंधित रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघ से शिकायत प्राप्त होने पर, इस तथ्य के रहते हुए भी कि, धारा 51 की उपधारा- (2) के अनुसार तैयार की गई कोई निरीक्षण योजना है, निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता से यह अपेक्षित होगा कि वह श्रमायुक्त, उत्तर प्रदेश की लिखित पूर्वानुमोदन से अधिष्ठान का पूर्ण निरीक्षण करेगा तथा यथावश्यक कितनी ही बार अधिष्ठान में जाएगा:

परंतु यह कि, यदि जबकि शिकायत विधि के अधीन स्थापित किसी आयोग (उदाहरणार्थ-राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राज्य मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग, राज्य बाल संरक्षण आयोग इत्यादि) से प्राप्त हो अथवा शिकायत बाल श्रमिकों और/अथवा बन्धुआ श्रमिकों के नियोजन से संबंधित हो अथवा यदि निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता को किसी स्रोत से यह सूचना प्राप्त होती है कि अधिष्ठान में कोई संघातक दुर्घटना घटित हुई है, तो निरीक्षण क्षेत्रीय अपर/ उप श्रमायुक्त की पूर्व अनुमति प्राप्त कर किया एवं ऐसे निरीक्षण की कार्योत्तर स्वीकृति श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश

		से 72 घण्टे के अन्दर प्राप्त की जायेगी। (छ) प्रत्येक निरीक्षक-सह-सुविधादाता भारतीय न्याय संहिता, 2023 (अधिनियम संख्या 45 सन् 2023) के प्रयोजनों के अर्थ में लोक सेवक समझा जायेगा। (ज) कोई व्यक्ति, जिससे निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता द्वारा उपनियम (क) से उपनियम (ड़) के अधीन किसी ऐसे अभिलेख अथवा साक्ष्य अथवा किसी सूचना को प्रस्तुत किये जाने की अपेक्षा की जाती है, वह ऐसा करने के लिये भारतीय न्याय संहिता, 2023 (अधिनियम संख्या 45 सन् 2023) की धारा- 210 एवं धारा-211 के अर्थ में विधिक रूप से बाध्य होगा।

अध्याय- नौ
अपराध और शास्तियाँ

धारा 53 की उपधारा-1)) के अधीन शास्ति अधिरोपित करने हेतु अधिकारी की नियुक्ति	48	राज्य सरकार सरकारी गजट में अधिसूचना के माध्यम से, न्यूनतम पे-मैट्रिक्स 11 तथा उत्तर प्रदेश सरकार के अवर सचिव अथवा उप श्रमायुक्त की रैंक से अन्यून राजपत्रित अधिकारी को उसकी क्षेत्रीय अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के भीतर यथास्थिति धारा 54 की उपधारा- (1) के खण्ड (क) तथा खण्ड (ग) तथा उपाधारा- (2) तथा धारा 56 की उपधारा-(7) के अधीन शास्ति अधिरोपित करने के प्रयोजनार्थ, इन नियमावली के अधीन नियम-49 तथा नियम-50 में यथाविहित मामलों में जांच करने हेतु नियुक्त करेगी।
धारा 53 की उपधारा1)) के अधीन जांच करने की रीति	49	(1) धारा 48 के अधीन जब धारा 53 की उपधारा- (1) के अधीन नियुक्त अधिकारी (जिसे आगे प्रशमनकर्ता अधिकारी कहा गया है) के समक्ष, उक्त उपधारा में संदर्भित अपराधों के संबंध में राज्य सरकार द्वारा इस प्रयोजनार्थ प्राधिकृत अधिकारी अथवा पीड़ित कर्मचारी अथवा व्यवसाय संघ अधिनियम, 1926 या औद्योगिक सम्बन्ध संहिता, 2020 के अधीन रजिस्ट्रीकर्ता व्यवसाय संघ अथवा किसी निरीक्षक-सह- सुविधाप्रदाता द्वारा शिकायत दाखिल की जाती है, एवं शिकायतकर्ता द्वारा उसके समक्ष प्रस्तुत ऐसे साक्ष्य पर विचार करने के पश्चात अधिकारी की यह राय है कि अपराध किया गया है तो वह अपराधी को प्रस्तुत होने के लिए तिथि का निर्धारण करते हुए शिकायत में विनिर्दिष्ट पते पर समन जारी करेगा। (2) यदि अपराधी, जिसे उपनियम-(1) के अधीन समन जारी किया गया है, उपस्थित होता है अथवा अधिकारी के समक्ष उपस्थित किया जाता है, तो वह उसे उसके विरुद्ध शिकायत किए

		गए अपराध का उल्लेख करेगा और यदि अपराधी दोष स्वीकार करता है तो अधिकारी संहिता के उपबन्धों के अनुसार उस पर शास्ति अधिरोपित करेगा और यदि अपराधी दोष स्वीकार नहीं करता है तो अधिकारी शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत गवाहों के शपथ पर साक्ष्य लेगा तथा प्रस्तुत गवाहों की प्रतिपरीक्षा का उपलब्ध कराएगा। अधिकारी अपराधी को गवाहों के लिखित में प्रतिपरीक्षा में और शपथ पर गवाहों के बयान अभिलिखित करेगा और दस्तावेजी साक्ष्य को रिकॉर्ड पर लेगा। (3) अधिकारी शिकायतकर्ता के साक्ष्य पूर्ण होने के पश्चात, दोषी व्यक्ति को बचाव का अवसर देगा और दोषी द्वारा प्रस्तुत गवाहों की प्रति परीक्षा की जायेगी तथा बचाव में दस्तावेजी साक्ष्य को रिकॉर्ड पर लिया जाएगा। (4) अधिकारी पक्षकारों को सुनने तथा मौखिक एवं दस्तावेजी दोनों साक्ष्यों पर विचार करके के पश्चात संहिता के अपबंधों के अनुसार शिकायत पर विनिश्चय करेगा।
धारा 56 की उपधारा-1)) के अधीन जुर्माना लगाने की रीति	50	(1) कोई दोषी व्यक्ति यदि धारा 56 की उपधारा- (1) के अधीन अपराध का प्रशमन चाहता है तो वह उक्त नियम-49 के अधीन अधिसूचित प्रशमनकर्ता अधिकारी/राजपत्रित अधिकारी को इस नियमावली में संलग्न प्रपत्र-10 में इलेक्ट्रॉनिक रीति से अथवा भौतिक रूप से आवेदन कर सकता है। (2) उपनियम-(1) में संदर्भित प्रशमनकर्ता अधिकारी/राजपत्रित अधिकारी ऐसे आवेदन की प्राप्ति पर स्वयं को संतुष्ट करेगा कि यह अपराध संहिता के अधीन प्रशमन योग्य है या नहीं और यदि अपराध प्रशमन योग्य है तो वह प्रपत्र-11 में एक नोटिस प्रेषित करेगा तथा यदि दोषी व्यक्ति प्रशमन के लिए सहमत हो जाता है, तो संहिता के अधीन ऐसे अपराध के लिए उपबंधित अधिकतम जुर्माने की पचास प्रतिशत राशि पर अपराध का समझौता करेगा, जिसका भुगतानऐसे अधिकारी द्वारा जारी प्रशमन आदेश में विनिर्दिष्ट समय सीमा में दोषी व्यक्ति द्वारा भुगतान किया जायेगा। (3) यदि अपराध का समझौता उपनियम (2) के अधीन अभियोजन के संस्थित किए जाने के पश्चात किया जाता है तो प्रशमनकर्ता अधिकारी/राजपत्रित अधिकारी धारा 53 की उपधारा (1) में निर्दिष्ट अधिकारी के धारा 56 की उपधारा (6) के अधीन आवश्यक कार्यवाही के लिये या सक्षम न्यायालय जिसमें अभियोजन लंबित हो, को सूचित करेगा तथा ऐसी सूचना प्राप्त किए जाने के पश्चात अधिकारी या न्यायालय अभियुक्त को उन्मोचित कर देगा और अभियोजन बंद कर देगा। (4) प्रशमनकर्ता अधिकारी/राजपत्रित अधिकारी राज्य सरकार के

		निदेश, नियंत्रण और पर्यवेक्षण के अध्यधीन, इस नियम के अधीन अपराध प्रशमन करने की शक्तियों का प्रयोग करेगा

अध्याय- दस
प्रकीर्ण

मजदूरी का समय पर संदाय किया जाना	51	जहाँ कर्मचारी किसी अधिष्ठान में ठेकेदार के माध्यम से नियोजित हों वहाँ उक्त कम्पनी अथवा फर्म अथवा संघ अथवा कोई अन्य व्यक्ति, जो उस अधिष्ठान का स्वत्वधारी हो, यथास्थिति व्यक्ति या कम्पनी के लिये संदेय धनराशि का भुगतान, मजदूरी भुगतान किये जाने के दिनांक के पूर्व, ठेकेदार को करेगा ताकि कर्मचारियों को मजदूरी का भुगतान धारा 17 के उपबंधों के अनुसार निश्चित रूप से किया जा सके। स्पष्टीकरणः-इस नियम के प्रयोजनार्थ पद "फर्म" का वही अर्थ होगा जो इसके लिये भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 (अधिनियम संख्या 9 सन 1932) में समनुदेशित है।
धारा-26 के अधीन न्यूनतम लाभांश के भुगतान हेतु उत्तरदायित्व	52	जहाँ किसी अधिष्ठान में कर्मचारी, ठेकेदार के माध्यम से नियोजित किए जायें और ठेकेदार धारा-26 के अधीन उन्हें न्यूनतम लाभांश का भुगतान करने में विफल हो वहाँ, कम्पनी अथवा फर्म अथवा संघ अथवा धारा 43 के परन्तुक में यथा निर्दिष्ट अन्य व्यक्ति, किसी रजिस्ट्रीकृत श्रमिक संघ अथवा संघों, जिनके कर्मचारी सदस्य हों, के कर्मचारियों द्वारा ऐसी विफलता के सम्बन्ध में लिखित सूचना दिये जाने पर तथा ऐसी विफलता की पुष्टि किये जाने पर कर्मचारियों को ऐसे न्यूनतम लाभांश का भुगतान करेगा तथा ऐसी धनराशि की वसूली ठेकेदार से कर सकेगा।
धारा 50 की उपधारा-(2) के अधीन नियोजकों द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली सूचनायें	53	(1) धारा 50 की उपधारा-(2) के प्रयोजनार्थ, सभी नियोजक तथा मुख्य नियोजक यह सुनिश्चित करेंगें कि अधिष्ठान की प्रत्येक इकाई के प्रत्येक प्रवेश एवं निकास द्वारों पर प्रदर्शित की जाने वाली सभी सूचनाओं की सामग्री प्रमुखता के साथ प्रदर्शित की जाये। (2) प्रदर्शित की जाने वाली सूचनायें ऐसी भाषा में होंगी जो अधिष्ठान की उस इकाई में नियोजित श्रमिकों में से अधिकाँश द्वारा समझ ली जाये। (3) प्रदर्शित की जाने वाली सूचनायें ऐसे आकार में प्रदर्शित की जायेंगीं जिससे सामान्य दृष्टि वाला कोई व्यक्ति सहज रूप से कम से कम दस मीटर की दूरी से प्रदर्शित सामग्री को पढ़ सके। (4) प्रदर्शित की जाने वाली सूचनायें सभी दिवसों पर तथा

		सभी समय पर प्रदर्शित होंगी। (5) प्रदर्शित की जाने वाली सूचनाओं की अनुसूची- (क) सभी श्रेणियों के कर्मचारियों के लिये राज्य सरकार द्वारा नियत न्यूनतम मजदूरी दर (ख) विश्राम का साप्ताहिक दिवस (ग) सवेतन विश्राम दिवस (घ) कार्य के घण्टे (ड) अतिकाल का भुगतान (च) किसी सप्ताह में कराया जा सकने वाले कार्य के अधिकतम घण्टे (छ) अनुसूचित अन्तराल (ज) मजदूरी भुगतान का समय एवं तिथि (झ) अधिकारिता रखने वाले निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता का विवरण (ञ) धारा-45 के अधीन नियुक्त प्राधिकारी का विवरण (ट) मजदूरी अवधि (ठ) इस नियमावली के अधीन यथाविहित ऐसी अन्य सूचनाएं
वार्षिक विवरणी	54	(1) इस नियमावली के अधीन विवरणी (रिटर्न), अधिष्ठान के प्रत्येक नियोजक द्वारा, जिस पर यह संहिता लागू होती है, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य दशाएं संहिता, 2020 (अधिनियम संख्या 37 सन् 2020) के अधीन बनाए गए नियमों में ऐसे प्रयोजन के लिए विनिर्दिष्ट प्रपत्र के सुसंगत सतम्भो में इलेक्ट्रॉनिक रूप से दाखिल की जाएगी (2) ऐसी विवरणी की एक प्रति श्रम ब्यूरो, श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार को भी इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजी जाएगी।

आज्ञा से,

Digitally signed by Shanmuga Sundaram
Date: 28-02-2026 21:29:55

(डॉ० एम० के० शन्मुगा सुन्दरम्)
प्रमुख सचिव

संख्याः- 426 (1)/36-3-2026-1901341 तद्दिनांक

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रतिलिपिः- अधिसूचना की अंग्रेजी प्रति सहित संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, ऐशबाग, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त अधिसूचना को दिनांक 10 मार्च,2026 की असाधारण गजट के विधायी परिशिष्ट-4 (खण्ड-क) में प्रकाशित कर अधिसूचना की 25 मुद्रित प्रतियां श्रम अनुभाग-3, बापू भवन, उ०प्र० सचिवालय, लखनऊ को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2- श्रम आयुक्त, उ०प्र० कानपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त नियमावली को श्रम विभाग के विभागीय पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

3- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आफाक अहमद)
उप सचिव।

फॉर्म-I

[नियम-17 (6), नियम-19 (3) और नियम-20 देखें]

मजदूरी, ओवरटाइम, जुर्माना, क्षति और हानि के लिए कटौती का रजिस्टर

प्रतिष्ठान का नाम (Name of Establishment): _____

नियोक्ता का नाम (Name of Employer): _____

मालिक का नाम (Name of Owner): _____

नियोक्ता का PAN/TAN: _____

श्रम पहचान संख्या (LIN): _____

कर्मचारी रजिस्टर में क्र.सं.	कर्मचारी का नाम	पदनाम/ विभाग	मजदूरी भुगतान की अवधि	मजदूरी की अवधि (कब से-तक)	कुल कार्य दिवस	कुल ओवरटाइम	मजदूरी की दर		अन्य भत्ते
							मूल वेतन	महंगाई भत्ता	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

ओवरटाइम कमाई	चूकों की प्रकृति जुर्माना तिथि	जुर्माने की राशि	क्षति या हानि का विवरण	कटौती/ वसूली की राशि	कुल भुगतान की गई मजदूरी	भुगतान की तिथि	उपस्थिति	
							तिथि	हस्ताक्षर
11	12	13	14	15	16	17	18	19

फॉर्म - II

[उप-नियम (2) नियम 40 देखें]

कर्मचारी रजिस्टर

प्रतिष्ठान का नाम: _____ **नियोक्ता का नाम:** _____

मालिक का नाम: _____ **नियोक्ता का PAN/TAN:** _____

श्रम पहचान संख्या (LIN): _____

क्र. सं.	कर्मचारी कोड	नाम	उपनाम	लिंग	पिता/ पति का नाम	जन्म तिथि	राष्ट्रीयता	शिक्षा का स्तर	कार्यभार ग्रहण करने की तिथि	पदनाम	श्रेणी (HS/ S/ SS/ US)*	रोजगार का प्रकार
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13

मोबाइल नंबर	UAN	PAN	ESIC IP नंबर	आधार	बैंक खाता संख्या	बैंक का नाम	शाखा (IFSC)	वर्तमान पता	स्थायी पता
14	15	16	17	18	19	20	21	22	23

सर्विस बुक नंबर	कार्य छोड़ने की तिथि	निकास का कारण	पहचान चिन्ह	फोटो	नमूना हस्ताक्षर/ अंगूठे का निशान	टिप्पणी
24	25	26	27	28	29	30

फॉर्म-III

[नियम-43 देखें]

मजदूरी संहिता, 2019 (2019 का 29) की धारा 45 की उप-धारा (5) के तहत एकल आवेदन

मजदूरी संहिता, 2019 की धारा 45 की उप-धारा (1) के तहत नियुक्त प्राधिकारी के समक्ष
क्षेत्र (AREA): _____ के लिए
आवेदन संख्या: _____ वर्ष 20_____

ABC और (संख्या बताएं) _____ अन्य के बीच: ..... आवेदक
(संबंधित कर्मचारियों या पंजीकृत ट्रेड यूनियन या निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता के माध्यम से)
पता: _____

बनाम

XYZ: _____
पता: _____

आवेदन में निम्नलिखित विवरण प्रस्तुत हैं:

(1) आवेदक, जिनका नाम संलग्न अनुसूची (Schedule) में है, श्री/मेसर्स _____ (नियोक्ता का नाम) के _____ (प्रतिष्ठान) में दिनांक _____ से _____ तक _____ (श्रेणी) के रूप में कार्यरत थे/हैं और _____ (कार्य की प्रकृति) में लगे हुए थे, जो मजदूरी संहिता, 2019 के अंतर्गत आता है।

(2) विपक्षी, मजदूरी संहिता, 2019 की धारा 2(1) के अर्थ के अंतर्गत नियोक्ता है/हैं।

(3)

(क) आवेदक(कों) को संहिता के तहत उनके रोजगार की श्रेणी के लिए निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से ₹_____ प्रति दिन की कम दर से दिनांक _____ से _____ तक की अवधि के लिए मजदूरी दी गई है।

(ख) आवेदक(कों) को _____ से _____ तक के साप्ताहिक विश्राम के दिनों के लिए ₹_____ प्रति दिन की दर से मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है।

(ग) आवेदक(कों) को _____ से _____ तक की अवधि के लिए ओवरटाइम दर(रों) पर मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है।

(घ) आवेदक(कों) को _____ से _____ तक की अवधि की मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है

(ङ) मजदूरी से ऐसी कटौतियां की गई हैं जो संहिता के उल्लंघन में हैं, जिसका विवरण इस आवेदन के साथ संलग्न अनुबंध (Annexure) में दिया गया है।

(च) आवेदक(कों) को लेखा वर्ष _____ के लिए न्यूनतम बोनस का भुगतान नहीं किया गया है।

(4) आवेदक(कों) द्वारा मांगी गई राहत का अनुमानित मूल्य प्रत्येक मद में निम्नानुसार है:

(क) ₹_____

(ख) ₹_____

(ग) ₹_____

कुल योग: ₹_____

(5) (5) अतः, आवेदक प्रार्थना करता/करते हैं कि मजदूरी संहिता, 2019 की धारा 45(2) के तहत निम्नलिखित के लिए निर्देश जारी किया जाए:

(क) संहिता के तहत देय मजदूरी और वास्तव में भुगतान की गई मजदूरी के अंतर का भुगतान,

(ख) विश्राम के दिनों के लिए पारिश्रमिक का भुगतान,

(ग) ओवरटाइम दरों पर मज़दूरी का भुगतान,

(घ) विलंबित मजदूरी का भुगतान,

(ङ) संहिता के उल्लंघन में की गई कटौतियों का भुगतान,

(च) अदत्त (Unpaid) बोनस का भुगतान,

(छ) ₹_____ की राशि का मुआवजा।

(6) आवेदक एतद्द्वारा सत्यनिष्ठा से घोषित करता/करते हैं कि इस आवेदन में बताए गए तथ्य मेरी/हमारी सर्वोत्तम जानकारी, विश्वास और सूचना के अनुसार सत्य हैं।

दिनांक: _____

नियोजित व्यक्ति (व्यक्तियों) के हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान,
या विधिवत अधिकृत पंजीकृत ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी
या निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता।

मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी: _____

नोट: यदि आवश्यक हो, तो आवेदक इस आवेदन के साथ विवरण वाले अनुबंध (Annexures) संलग्न कर सकता/सकते हैं।

फॉर्म-IV

[नियम 44 का उप-नियम (1) देखें]

प्राधिकरण प्रमाणपत्र

मैं/हम नियोजित व्यक्ति (व्यक्तियों) एतद्द्वारा **श्री/श्रीमती/कुमारी** _____, जो कि एक कानूनी व्यवसायी (वकील) हैं / **श्री/श्रीमती/कुमारी** _____, जो _____ (पंजीकृत ट्रेड यूनियन का नाम) के पदाधिकारी हैं, को मजदूरी संहिता, 2019 (2019 का 29) की धारा 45 और धारा 49 के तहत मेरी/हमारी ओर से कार्य करने के लिए अधिकृत करता हूँ/करते हैं।

यह अधिकार _____ (विपक्षी/नियोक्ता का नाम) के विरुद्ध दावे/अपील के संबंध में है, जो संहिता के तहत देय मजदूरी और वास्तव में भुगतान की गई मजदूरी के अंतर / विश्राम के दिनों के पारिश्रमिक के भुगतान / ओवरटाइम दरों पर मजदूरी के भुगतान / भुगतान में देरी / मेरी-हमारी मजदूरी से अवैध कटौती / _____ (अवधि) के बोनस का भुगतान न करने के कारण है।

साक्षी (Witnesses): हस्ताक्षर (Signatures):

1-

2-

3-

4-

दिनांक: _____

स्थान: _____

मैं इस प्राधिकरण को स्वीकार करता हूँ।

अधिकृत व्यक्ति/ कानूनी व्यवसायी/
पंजीकृत ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी के हस्ताक्षर
(सील सहित)।

फॉर्म-V

[नियम 44 के उप-नियम (5) का खंड (i) देखें]

आवेदन के निपटान हेतु नोटिस

चूंकि, मजदूरी संहिता, 2019 (2019 का 29) के तहत आपके विरुद्ध एक दावा मेरे समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जिसकी एक प्रति इसके साथ संलग्न है; आपको एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या किसी ऐसे व्यक्ति के माध्यम से, जिसे विधिवत निर्देश दिए गए हों और जो आवेदन से संबंधित सभी महत्वपूर्ण प्रश्नों का उत्तर देने में सक्षम हो, या जिसके साथ कोई ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सभी प्रश्नों का उत्तर दे सके, दिनांक ..... माह ..... 20.... को ..... बजे पूर्वाह्न/अपराह्न (सुबह/शाम) दावे का उत्तर देने के लिए मेरे समक्ष उपस्थित हों;

और, चूंकि आपकी उपस्थिति के लिए नियत किया गया दिन दावा आवेदन के अंतिम निपटान के लिए निर्धारित है, इसलिए आपको उस दिन उन सभी गवाहों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिनके साक्ष्य पर, और उन दस्तावेजों को जिनके आधार पर आप अपने बचाव में भरोसा करना चाहते हैं।

यह ध्यान रखें कि, यदि आप ऊपर बताए गए दिन उपस्थित होने में विफल रहते हैं, तो दावा आवेदन पर आपकी अनुपस्थिति में सुनवाई की जाएगी और निर्णय लिया जाएगा।

आज दिनांक ..... 20... को मेरे हस्ताक्षर और मुहर के तहत जारी किया गया।

प्राधिकारी

मुहर

फॉर्म-VI

[नियम 44 के उप-नियम (6) का खंड (i) देखें]

आदेश या निर्देश का रिकॉर्ड

क्रम संख्या: .....

आवेदन की तिथि: .....

आवेदक का नाम (या नाम), पिता का नाम, पता या एक ही अदत्त समूह से संबंधित कुछ या सभी आवेदकों के पते:

_____

नियोक्ता का नाम और पता: _____

दावा की गई राशि (Amount Claimed):

(क) इस संहिता के तहत देय मजदूरी और वास्तव में भुगतान की गई मजदूरी के अंतर के रूप में: ₹ .....

(ख) विश्राम के दिनों के पारिश्रमिक के भुगतान के रूप में: ₹ .....

(ग) ओवरटाइम दरों की मजदूरी के भुगतान के रूप में: ₹ .....

(घ) विलंबित मजदूरी के भुगतान के रूप में: ₹ .....

(ङ) संहिता के उल्लंघन में की गई कटौतियों के भुगतान के रूप में: ₹ .....

(च) भुगतान न किए गए बोनस के रूप में: ₹ .....

(छ) मुआवजे की कुल राशि: ₹ .....

नियोक्ता का तर्क और उसका परीक्षण (यदि कोई हो): _____

निष्कर्ष, और उसके कारणों का संक्षिप्त विवरण: _____

निर्धारित (पुरस्कृत) राशि:

(क) संहिता के तहत देय मजदूरी और वास्तव में भुगतान की गई मजदूरी के अंतर के रूप में: ₹ .....

(ख) विश्राम के दिनों के पारिश्रमिक के भुगतान के रूप में: ₹ .....

(ग) ओवरटाइम दरों की मजदूरी के भुगतान के रूप में: ₹ .....

(घ) विलंबित मजदूरी के भुगतान के रूप में: ₹ .....

(ङ) संहिता के उल्लंघन में की गई कटौतियों के भुगतान के रूप में: ₹ .....

(च) भुगतान न किए गए बोनस के रूप में: ₹ .....

स्वीकृत मुआवजा: .....

निर्धारित लागत:

(क) न्यायालय शुल्क: .....

(ख) वकील की फीस: .....

(ग) गवाहों का खर्च: .....

वह तिथि जिस तक निर्धारित राशि का भुगतान किया जाएगा: .....

दिनांक: _____

प्राधिकारी

नोट: जिस मामले में अपील की गुंजाइश हो, वहां साक्ष्य (Evidence) का सार एक अलग शीट पर संलग्न करें।

फॉर्म-VII

[नियम 45 के उप-नियम (1) देखें]

मजदूरी संहिता, 2019 की धारा 49(1) के तहत अपील

मजदूरी संहिता, 2019 के तहत अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष

A.B.C

पता: _____ अपीलकर्ता

बनाम

C.D.E.

पता: _____ प्रत्यर्थी/विपक्षी

_____

अपील का विवरण:

1: उस आदेश का विवरण जिसके विरुद्ध अपील की गई है:

संख्या और दिनांक: _____

प्राधिकारी जिसने विवादित आदेश पारित किया है: _____

निर्धारित (पुरस्कृत) राशि: _____

निर्धारित मुआवजा (यदि कोई हो): _____

2. मामले के तथ्य:

(यहाँ कालानुक्रमिक क्रम में तथ्यों का संक्षिप्त विवरण दें, प्रत्येक पैराग्राफ में यथासंभव एक अलग मुद्दा या तथ्य होना चाहिए)

3. अपील के आधार:

4. मामले जो पहले किसी अन्य न्यायालय या अपीलीय प्राधिकारी के पास दायर नहीं किए गए या लंबित नहीं हैं:

अपीलकर्ता आगे घोषित करता है कि उसने उस मामले के संबंध में, जिसके लिए यह अपील की गई है, पहले किसी भी न्यायालय या किसी अन्य प्राधिकारी या अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष न तो कोई अपील, रिट याचिका या मुकदमा दायर किया है, और न ही ऐसी कोई अपील, रिट याचिका या मुकदमा उनमें से किसी के पास लंबित है।

5. मांगी गई राहत:

ऊपर वर्णित तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, अपीलकर्ता निम्नलिखित राहत की प्रार्थना करता है:-

[नीचे मांगी गई राहत (राहतों) को निर्दिष्ट करें]

6. संलग्नकों की सूची:

दिनांक: _____

स्थान: _____

आवेदक का नाम और हस्ताक्षर

मोबाइल नंबर और

ईमेल आईडी: _____

कार्यालय उपयोग के लिए

दायर करने की तिथि: _____

या डाक द्वारा प्राप्ति की तिथि: _____

पंजीकरण संख्या: _____

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

फॉर्म – VIII

[नियम-45 के उप-नियम (3) देखें]

मजदूरी संहिता, 2019 की धारा 49 के तहत अपील की सुनवाई के लिए निर्धारित दिन का प्रत्यर्थी (विपक्षी) को नोटिस

..... क्षेत्र के प्राधिकारी के दिनांक ..... माह ..... 20.... के निर्णय के विरुद्ध अपील

सेवा में,

.....

..... (प्रत्यर्थी/विपक्षी)

आपको सूचित किया जाता है कि ..... क्षेत्र के प्राधिकारी के निर्णय के विरुद्ध एक अपील, जिसकी प्रति संलग्न है, ... X,Y.Z. (और अन्य) द्वारा प्रस्तुत की गई है और इस कार्यालय में पंजीकृत की गई है। इस अपीलीय प्राधिकारी द्वारा अपील की सुनवाई के लिए ..... तारीख ..... माह 20... का दिन निर्धारित किया गया है।

यदि आपकी ओर से आप स्वयं, या कानून द्वारा आपके लिए कार्य करने हेतु अधिकृत कोई व्यक्ति इस अपील में उपस्थित नहीं होता है, तो इस पर आपकी अनुपस्थिति में सुनवाई की जाएगी और निर्णय लिया जाएगा।

आज दिनांक ..... माह ..... 20.. को मेरे हस्ताक्षर और मुहर के तहत जारी किया गया।

मुहर

अपीलीय प्राधिकारी

फॉर्म – IX

[नियम 42 देखें]

वेतन पर्ची

जारी करने की तिथि: _____

प्रतिष्ठान का नाम: _____

पता: _____

अवधि : _____

कर्मचारी का नाम: _____

पिता/पति का नाम: _____

पदनाम (Designation): _____

UAN (यूनिवर्सल अकाउंट नंबर): _____

बैंक खाता संख्या: _____

वेतन अवधि: _____

देय मजदूरी की दर :

(क) मूल वेतन: _____

(ख) महंगाई भत्ता: _____

(ग) अन्य भत्ते: _____

कुल उपस्थिति / कार्य की इकाई: _____

ओवरटाइम मजदूरी: _____

देय सकल मजदूरी: _____

कुल कटौतियां:

(क) PF: _____

(ख) ESI: _____

(ग) अन्य: _____

भुगतान की गई शुद्ध मजदूरी: _____

नियोक्ता /

भुगतान प्रभारी के हस्ताक्षर

फॉर्म - **X**

[नियम-50 के उप-नियम (1) देखें]

मजदूरी संहिता की धारा 56 की उप-धारा (1) के तहत अपराधों के समझौते के लिए नियोक्ता का आवेदन

सेवा में,

उपशमन अधिकारी,

अपर/उप श्रम आयुक्त का कार्यालय,

क्षेत्र: .....

दिनांक: .....

आदरणीय महोदय/महोदया,

मैं/हम ..... , मेसर्स ..... (पता: .....) का नियोक्ता, मजदूरी संहिता, 2019 की धारा 56 की उप-धारा (1) के तहत अपराध का समझौता करने का इच्छुक हूँ/हैं। मैंने/हमने संहिता के तहत निम्नलिखित अपराध किए हैं/किए थे:

.....

.....

.....

उपरोक्त उल्लंघनों के लिए अभियोजन—

* अधोहस्ताक्षरी के विरुद्ध किसी भी सक्षम न्यायालय में दायर नहीं किया गया है।
* अधोहस्ताक्षरी के विरुद्ध ..... के न्यायालय में दायर किया गया है।

दायर किए गए अभियोजन का विवरण नीचे दिया गया है:

निरीक्षण/शिकायत की तिथि: .....

मामला संख्या और अभियोजन दायर करने की तिथि: .....

धारा(एँ) और नियम जिनका उल्लंघन पाया गया: .....

अभियोजन दायर करने वाले व्यक्ति का नाम और पदनाम: .....

क्या आवेदक के विरुद्ध अभियोजन लंबित है या नहीं: .....

क्या यह पहला अपराध है, या आवेदक ने इस अपराध से पहले कोई अन्य अपराध किया है? यदि हाँ, तो पिछले अपराध का पूरा ... ...

विवरण:.....

.....

कोई अन्य जानकारी जो आवेदक प्रदान करना चाहता है:.....

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया मुझे निर्देश दें या मजदूरी संहिता, 2019 की धारा 56 की उप-धारा (1) के अनुसार उपशमन राशि जमा करने की अनुमति दें। समझौता अधिकारी से यह भी अनुरोध है कि वह धारा 52 के तहत संक्षम न्यायालय और/या धारा 53 के तहत जुर्माना लगाने के लिए अधिकृत अधिकारी को सूचित करें।

दिनांक: _____

स्थान: _____

आवेदक का नाम और हस्ताक्षर: _____

प्रतिष्ठान का नाम: _____

प्रतिष्ठान का पता: _____

** जो लागू न हो उसे काट दें।*

फॉर्म-XI

[नियम-50 के उप-नियम (2) देखें]

मजदूरी संहिता की धारा 56 की उप-धारा (1) के तहत अपराधों के उपशमन हेतु उपशमन अधिकारी द्वारा उल्लंघनकर्ता नियोक्ता को नोटिस

नोटिस

सेवा में,

..... (नियोक्ता का नाम)

मेसर्स .....

..... (पता)

कृपया आपके/आपकी कंपनी/प्रतिष्ठान द्वारा मजदूरी संहिता, 2019 (2019 का अधिनियम संख्या 29) के प्रावधानों के उल्लंघन में किए गए अपराध (अपराधों) के उपशमन के संबंध में आपके दिनांक ..... के आवेदन का संदर्भ लें;

चूँकि आपने उक्त अपराध (अपराधों) के समझौते के लिए अनुरोध किया है, इसलिए आपको एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आपके विरुद्ध मजदूरी संहिता, 2019 की धारा (धाराओं) ..... के उल्लंघन के लिए अपराध करने का आरोप लगाया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा आपके आवेदन की जाँच की गई और यह पाया गया कि धारा (धाराओं) ..... के तहत उल्लंघन उपशमन योग्य हैं, जबकि धारा (धाराओं) ..... के तहत अपराधों का समझौता मजदूरी संहिता, 2019 के अंतर्गत नीचे दिए गए कारणों से नहीं किया जा सकता है—

.....

.....

अपराधों के समझौते के लिए आपके द्वारा भुगतान की जाने वाली समझौता राशि ..... रुपये है। इस नोटिस के माध्यम से, आपको अपराध (अपराधों) के समझौते के लिए इस नोटिस के जारी होने की तारीख से पंद्रह दिनों के भीतर उपरोक्त समझौता राशि जमा करने का निर्देश दिया जाता है। यदि आप निर्दिष्ट समय के भीतर उक्त राशि जमा करने में विफल रहते हैं, तो आपको आगे कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा और आपके विरुद्ध संहिता के प्रावधानों के अनुसार धारा (धाराओं) ..... के तहत अभियोजन दायर करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे;

आपको एतद्द्वारा यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निर्दिष्ट समय के भीतर उपरोक्त समझौता राशि जमा करने में विफल रहते हैं, तो आप संहिता की धारा 56 की उप-धारा (7) के प्रावधान के अनुसार इसका भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होंगे।

यह नोटिस आज दिनांक ..... माह ....., 20..... को मेरे हस्ताक्षर और मुहर के तहत जारी किया गया है।

समझौता अधिकारी
मुहर

फॉर्म-XI
[नियम-50 के उप-नियम (2) देखें]

मजदूरी संहिता की धारा 56 की उप-धारा (1) के तहत अपराधों के समझौते हेतु समझौता अधिकारी द्वारा उल्लंघनकर्ता नियोक्ता को नोटिस

नोटिस

सेवा में,
..... (नियोक्ता का नाम)
मेसर्स .....
..... (पता)

कृपया आपके/आपकी कंपनी/प्रतिष्ठान द्वारा मजदूरी संहिता, 2019 (2019 का अधिनियम संख्या 29) के प्रावधानों के उल्लंघन में किए गए अपराध (अपराधों) के समझौते के संबंध में आपके दिनांक ..... के आवेदन का संदर्भ लें;

चूँकि आपने उक्त अपराध (अपराधों) के उपशमन के लिए अनुरोध किया है, इसलिए आपको एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आपके विरुद्ध मजदूरी संहिता, 2019 की धारा (धाराओं) ..... के उल्लंघन के लिए अपराध करने का आरोप लगाया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा आपके आवेदन की जाँच की गई और यह पाया गया कि धारा (धाराओं) ..... के तहत उल्लंघन समझौते योग्य हैं, जबकि धारा (धाराओं) ..... के तहत अपराधों का समझौता मजदूरी संहिता, 2019 के अंतर्गत नीचे दिए गए कारणों से नहीं किया जा सकता है—

.....
.....

अपराधों के समझौते के लिए आपके द्वारा भुगतान की जाने वाली समझौता राशि ..... रुपये है।

इस नोटिस के माध्यम से, आपको अपराध (अपराधों) के उपशमन के लिए इस नोटिस के जारी होने की तारीख से पंद्रह दिनों के भीतर उपरोक्त उपशमन राशि जमा करने का निर्देश दिया जाता है। यदि आप निर्दिष्ट समय के भीतर उक्त राशि जमा करने में विफल रहते हैं, तो आपको आगे कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा और आपके विरुद्ध संहिता के प्रावधानों के अनुसार धारा (धाराओं) ..... के तहत अभियोजन दायर करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे;

आपको एतद्द्वारा यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निर्दिष्ट समय के भीतर उपरोक्त उपशमन राशि जमा करने में विफल रहते हैं, तो आप संहिता की धारा 56 की उप-धारा (7) के प्रावधान के अनुसार इसका भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होंगे।

यह नोटिस आज दिनांक ..... माह ....., 20..... को मेरे हस्ताक्षर और मुहर के तहत जारी किया गया है।

उपशमन अधिकारी

मुहर

UTTAR PRADESH SHASAN
SHRAM ANUBHAG-3

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of Notification no.----426------ /XXXVI-03-2026-1901341, dated 10 March, 2026.

Notification

No.----426------/XXXVI-03-2026-1901341

Lucknow, Dated 10 March 2026

WHEREAS to the subsequent enactment of the Code on Wages, 2019 (Act No. 29 of 2019) draft Uttar Pradesh Code on Wages Rules, 2021 which was published in the official Gazette vide notification no. 1505/XXXVI-3-2020-103(Sa)-2020 dated February 25, 2021 inviting objections and suggestion thereon as required under section 67 of the aforesaid Code.

AND HEREAS, after considering objections and suggestions received in respect of the aforesaid rules, the final Uttar Pradesh Code on Wages Rules, 2021 were published in the official Gazette vide Notification no. 1738/XXXVI-3-2021-103(Sa)-2020, dated September 16, 2021 but the said rules were not brought into force, as the Code on Wages, 2019 was not operational at that time;

AND WHEREAS, vide Notification no. S.O. 5322(E) dated 21 November, 2025, published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II section 3, sub section (ii) all the provisions of the said code have been brought into force;

so it has been decided to pre-publish the draft rules, 2026 to attain objections and suggestions from all persons likely to be affected.

AND WHEREAS after commencement of the aforesaid Code the Central Government has published a new draft of the Code on Wages Rules, 2025 vide notification no G.S.R. 936(E) dated 30th December, 2025, published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II Section-3 Sub-Section(i);

AND WHEREAS upon the operationalisation of Code on Wages, 2019 and publication of the draft of the Code on Wages (Central) Rules, 2025 by the Government of India, it has become necessary for the State Government

to frame, publish, finalise and notify the corresponding rules in the State of Uttar Pradesh afresh in order to ensure consistency with the operational framework of the aforesaid and Central Rules, 2025.

NOW, THEREFORE the following draft Rules which the Governor proposes to make in exercise of the powers under sub-section (1) of section 67 of the Code on Wages, 2019 (Act No. 29 of 2019) read with section 24 of the General Clauses Act, 1897 (Act No. 10 of 1897) and in supersession of the

(a) Uttar Pradesh Payment of Wages Rules, 1936;

(b) Uttar Pradesh Minimum Wages Rules, 1952;

(c) Uttar Pradesh Code on Wages Rules, 2021

except as respects things done or omitted to be done before such supersession, are hereby notified as required by sub-section (1) of section 67 of the Code on Wages, 2019 for information of all persons likely to be affected thereby and with a view to invite objections and suggestions in respect there of;

All objections and suggestions with respect to the aforesaid draft rules shall be sent in duplicate addressed to a Principal Secretary, Shram Anubhag-3, Uttar Pradesh Shasan, Bapu Bhawan, Lucknow-226001 and Labour commissioner, (Shram Sudhar Prakostha) Office at G.T. Road, Kanpur.

Only those objections and suggestions which are received within forty-five days from the date of publication of this Notification will be taken into consideration.

DRAFT RULES

THE UTTAR PRADESH CODE ON WAGES RULES, 2026

CHAPTER I

PRELIMINARY

Short title, extent and commencement	1	(1) These rules may be called the Uttar Pradesh Code on Wages rules, 2026. (2) They shall extend to the whole of Uttar Pradesh. (3) They shall come into force from the date of their final publication in the Official Gazette.

Definitions	**2**	(1) In these Rules, unless the subject or context otherwise requires, — (a) "Authority" means the authority appointed by the State Government under sub-section (1) of section 19 and sub-section (1) of section 45 (b) "Appellate authority" means the appellate authority appointed by the State Government under sub section (1) of section 49; (c) "Appeal" means an appeal preferred under sub-section (1) of section 49 (d) "Board" means the State Advisory Board constituted by the State Government under sub-section (4) of section 42; **(e)** "Chairperson" means the Chairperson of the Board (f) "Code" means the Code on Wages, 2019 (Act No. 29 of 2019) (g) "Committee" means a committee appointed by the State Government under clause (a) of sub-section (1) of section 8; (h) "Day" means a period of 24 hours beginning at mid-night (i) Family" means all or any of the following relatives of an employee namely: — (i) a spouse; (ii) a minor legitimate or adopted child dependent upon the employee; (iii) a child who is wholly dependent on the earnings of the employee, and who is (a) receiving education, till he attains the age of twenty-one years; and

(b) an unmarried daughter;

(iv) a child who is infirm by reason of any physical or mental abnormality or injury and is wholly dependent on the earnings of the employee, so long as the infirmity continues;

(v) dependent parents (including father-in-law and mother-in-law of the spouse), whose income from all sources does not exceed such income as may be specified by the State Government from time to time;

(j) "Form" means a form appended to these Rules;

(k) "Geographical area" means the areas notified as such by the State Government from time to time;

(l) "Highly Skilled Occupation" means an occupation which calls in its performance a specific level of perfection and required competence acquired through intensive technical or professional training or practical occupational experience for a considerable period and also requires of an employee to assume full responsibility for his judgment or decision involved in the execution of such occupation;

(m) "Inspector-*cum*-Facilitator" means a person appointed by the State Government, by notification under sub-section (1) of section 51;

(n) "Member" means a member of the Board and includes its Chairperson;

(o) "Officer" means an officer appointed by the State Government under sub section (1) of Section 53;

(p) "Population" means the population as ascertained at the last preceding census of which the relevant figures have been published;

(q) "Registered Trade Union" means a trade union registered under Industrial Relations Code, 2020 (Act no. 35 of 2020);

(r) "Schedule" means the schedule appended to these rules;

(s) "Section" means a Section of the Code;

(t) "Semi-Skilled Occupation" means an occupation which in its performance requires the application of skill gained by the experience on job which is capable of being applied under the supervision or guidance of a skilled employee and includes supervision over the unskilled occupation;

(u) "Skilled occupation" means an occupation which involves skill and competence in its performance through experience on the job or through training as an apprentice in a technical or vocational institute and the performance of which calls for initiating and judgment;

(v) "Unskilled occupation" means an occupation which in its performance requires the application of simply the operating experience and involves no

		further skills. (2.) Words and expressions used herein in these Rules and not defined but defined in the Code shall have the meanings respectively assigned to them under the Code.

CHAPTER II
MINIMUM WAGES

Manner of calculating the rate of wages per hour and per month under sub-section (5) of section 6	3	(1) When the rate of wages for a day is fixed, then, such amount shall be divided by eight for fixing the rate of wages for an hour and multiplied by twenty six for fixing the rate of wages for a month and in such division and multiplication the factors of one-half and more than one-half shall be rounded as next figure and the factors less than one-half shall be ignored. (2) In case of a five day working week, the hourly rate of minimum wages so calculated shall be used to derive the minimum wages for the day.
Criteria for fixing the minimum rate of wages under clause (c) sub-section (6) of section 6	4	For the purposes of sub-section (6) of section 6, the minimum rate of wages shall be fixed on the day basis keeping in view the following criteria, namely:- (a) the standard working-class family which includes a spouse and two children apart from the earning employee; an equivalent of three adult consumption units; (b) a net intake of 2700 calories per day per consumption unit. (c) 66 meters cloth per year per standard working class family; (d) housing rent expenditure to constitute 10 percent of food and clothing expenditure;

		(e) fuel, electricity and other miscellaneous items of expenditure to constitute 20 percent of minimum wage; (f) expenditure for children education, medical requirement, recreation and expenditure on contingencies to constitute 25 percent of minimum wage.
Norms of fixation of minimum rate of wages and the arduousness of work to be considered under	5	(1) While fixing the minimum rates of wages under section 6, the State Government shall take into account the followings: (i) geographical area ; (ii) experience in the area of employment; and (iii) level of skill required for working under the categories of unskilled, semi skilled, skilled and highly skilled: Provided that the State Government shall not fix minimum wages and allowances of State Government employees under this Code. (2) The State Government shall constitute a technical committee for the purpose of advising the State Government in respect of skill categorization of occupation, arduousness of work, hazardous occupations or processes and underground work and like other categorization, which shall consist of the following members, namely:- (a) Labour Commissioner, Uttar Pradesh - Chairperson; (b) Director, Employment – Member; (c) Mission Director, Uttar Pradesh Skill Development Mission or his representative - Member; (d) Commissioner and Director, Industries,

sub-section (6) of section 6		Uttar Pradesh or his representative - Member; (e) Director of Factories – Member; (f) Additional/ Deputy Labour Commissioner, UP (Enforcement) - Member; (g) Additional/ Deputy Labour Commissioner, UP (Industrial Relations) – Member Secretary; (h) Two technical experts in wage determination as nominated by the State Government - Members; (i) Two representatives each of employers and employees who are experts in the area of skill development - Members; (3) The State Government may, on the advice of the technical committee referred to in sub-rule (2), by notification amend the Schedule-A in respect of categorization of occupations into unskilled, semi-skilled, skilled and highly skilled by modifying, inserting or omitting, any entry in respect of occupations specified in the said Schedule. (4) The technical committee referred in sub-rule (2) while advising the State Government, shall take into account, to the possible extent, the national classification of occupation or national skills qualification framework or other similar frame work for the time being formulated by Central Government to identify occupations.
Interval for revision of variable dearness allowance under clause (a) of sub-section (1) of Section 7	6	The cost of living allowance and the cash value of the concession in respect of essential commodities at concession rate shall be computed once before 1st April and then before 1st October in every year to revise the variable dearness allowance payable to the employees on the minimum wages considering the Average Consumer Price Index Number for Industrial Workers published by the Labour Bureau, Ministry of Labour and Employment,

		Government of India.
Constitution of Committees to fix and revise minimum wages for the purpose of section 8	7	(1) The State Government shall constitute one or more committees for the purpose to fix minimum wages for the first time in any category or to revise minimum wages or to enquire about skill categorization to advise the State Government, which shall consist of the following members, namely:-

(i)	Labour Commissioner, Uttar Pradesh	Chairperson
(ii)	Additional Labour Commissioner as nominated by Labour Commissioner, Uttar Pradesh	Member
(iii)	A representative from the Department of Micro, Small and Medium Enterprises, Government of Uttar Pradesh	Member
(iv)	Director of Employment, Government of Uttar Pradesh	Member
(v)	Two technical experts in wage determination as nominated by the Labour Commissioner, Uttar Pradesh	Member
(vi)	Three persons representing employers as nominated by Labour Commissioner, Uttar Pradesh	Member
(vii)	Three persons representing employees as nominated by Labour Commissioner, Uttar Pradesh	Member
(viii)	One Deputy/Assistant Labour Commissioner	Member Secretary

		nominated by Labour Commissioner (2) The committee referred in sub-rule (1) shall, while advising the State Government, take into account, to the possible extent, the state classification of occupation or state skills qualification framework or other similar framework for the time being formulated to identify occupations. (3) The State Government on the advice of the Committee constituted under sub-rule (1) shall categorize the occupations of the employees in four categories *i.e.* unskilled, semi-skilled, skilled and highly skilled by modifying, deleting or adding an entry in the categorization of such of operation specified in Schedule-A of these rules.
Circumstances under clause (ii) of the proviso to Section 10	8	An employee shall not be entitled to receive wages for a full normal working day under section 10, if he is not entitled to receive such wage under any other law for the time being in force.
Number of hours of work which shall constitute a normal working day for the purpose of sub-section (1) of section 13	9	(1) The number of hours of work which shall constitute a normal working day, inclusive of one or more specified intervals, shall be as per general or special order issued from time to time. (2) The period of work of an employee shall be so arranged that inclusive of the intervals of rest the spread over shall not exceed the number of hours as per general or special order issued from time to time.
		(1) Subject to the provisions of this rule, an employee shall be allowed rest of one day or more than one day as the case may be, every

